कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 348, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 14 जनवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## राम मंदिर का 70% काम पूरा, गर्भगृह के पिलर 14 फीट तक तैयार

**अयोध्या: श्रीराम** जन्मभूमि में राम मंदिर का 70% निर्माण पूरा हो चुका है। गर्भगृह के पिलर 14 फीट तक बनकर तैयार हो चुके हैं। परकोटे का मंदिर तेजी से बनाया जा रहा है। मंदिर निर्माण तीन चरणों में पूरा होगा। पहला चरण अगस्त 2023 तक पूरा होगा। दूसरा चरण दिसंबर 2024 में जबकि 2025 तक मंदिर आकार ले चुका होगा। हालांकि जनवरी 2024 में मंदिर में दर्शन-पूजन शुरू हो सकेगा। मंदिर निर्माण में करीब 800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। कुल खर्च का अनुमान करीब 1800 करोड़ रुपए लगाया गया है। शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट की तरफ से मीडिया को परिसर में बुलाया गया। करीब एक घंटे तक उन्हें राम मंदिर के अब तक हुए निर्माण को दिखाया गया।

**गर्भगृह के अतिरिक्त 5 मंडप और तैयार हो रहे:** मंदिर के गर्भगृह की दीवार बनकर तैयार है। यहां परिक्रमा पथ तैयार किया जा रहा है। चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह के अतिरिक्त 5 मंडप और बनाए जा रहे हैं। गर्भगृह में राम के बाल स्वरूप का पूजन मुहूर्त देखकर शुरू कराया जाएगा। रामलला की पत्थर की मूर्ति तैयार हो रही है। विद्वानों का विचार है कि गर्भगृह में भगवान का विग्रह खड़ा होना चाहिए। प्रभु श्रीराम के जीवन के 100 प्रसंग भी मंदिर में उकेरे जाएंगे। इसमें देश के प्रसिद्ध साहित्यकार यतीन्द्र मिश्रा भी सहयोग कर रहे हैं।



**इंजीनियर ने कहा- प्रवेश द्वार सिंह जैसा होगा:**
राम मंदिर निर्माण से जुड़े इंजीनियर बताते हैं कि मंदिर के ग्राउंड फ्लोर का पूरा काम शुरू हो चुका है। वर्कर्स लगे हुए हैं। गर्भगृह और मंडप की दीवारों का काम भी चल रहा है। परकोटे की टोटल लंबाई 762 मीटर है। परकोटे के चार कोने में 4 मंदिर रहेंगे। प्रवेश द्वार सिंह जैसा होगा।

**अभी भूतल पर गर्भगृह का काम चल रहा:** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की योजना है कि जनवरी 2024 से मंदिर को भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्र ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट के पास पर्याप्त धन है। अब तक करीब आठ सौ करोड़ खर्च हो चुके हैं। मंदिर की लागत 1800 करोड़ तय की गई है। अभी मंदिर के भूतल निर्माण के क्रम में गर्भगृह का काम चल रहा है।

मिश्र ने बताया कि गर्भगृह के छह खंभों का निर्माण भी शुरू हो चुका है। इन्हें मकराना के मार्बल से बनाया जा रहा है। मार्बल के खंभेनुमा पीस को एक-दूसरे में जोड़कर तैयार किया जा रहा है। ये खंभे 19.3 फीट ऊंचे होंगे। इसके अतिरिक्त मुख्य मंदिर के गर्भगृह में फर्श, मेहराब, रेलिंग, दरवाजे के फ्रेम सफेद मकराना संगमरमर से ही तैयार किए जाएंगे, इनकी गढ़ाई शुरू हो चुकी है।

**जोशीमठ भू-धंसाव: अब तक 185 परिवारों के 657 लोगों को किया गया अस्थाई विस्थापित**

## जोशीमठ 12 दिनों में 5.4 सेंटीमीटर धंसा

**जोशीमठ:** जोशीमठ नगर क्षेत्र में भू-धंसाव के चलते 9 वार्ड के 760 भवन प्रभावित हुए हैं। इनमें से 147 भवन ऐसे हैं जिनको असुरक्षित जोन के अंतर्गत रखा गया है। जोशीमठ भू-धंसाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चमोली द्वारा जारी दैनिक रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन द्वारा अबतक 185 परिवारों के 657 व्यक्तियों को विभिन्न ठिकानों पर अस्थायी रूप से विस्थापित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जोशीमठ नगर क्षेत्र के अंतर्गत निवास करने योग्य अस्थायी राहत शिविरों के रूप में 83 भवनों के 615 कक्षों का चिह्नीकरण कर लिया गया है। जिसमें 2190 व्यक्तियों को ठहराया जा सकता है। जोशीमठ के बाहर पीपलकोटी में अस्थायी राहत शिविरों के रूप में 20 भवनों के 491 कमरों को चयनित किया गया है जिसमें कुल 2205 लोगों को ठहराया जा सकेगा। राहत कार्यों के तहत जिला प्रशासन द्वारा अबतक 210 प्रभावितों को 1 करोड़ से अधिक रुपये की धनराशि विभिन्न आवश्यक कार्यों व फौरी मदद के लिए वितरित की जा चुकी है। प्रभावितों को अबतक 116 खाद्यान्न किट, 252 कंबल व 722 लीटर दूध का वितरण राहत सामग्री के रूप में किया जा चुका है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर प्रभावितों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है, जिसके तहत राहत शिविरों में रह रहे 261 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है। जिला मजिस्ट्रेट चमोली द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 33 व 34 का प्रयोग करते हुए नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 1, 4, 5 व 7 के अंतर्गत आने वाले अधिकांश क्षेत्रों को असुरक्षित घोषित करते हुए इन वार्डों को खाली करवाने का आदेश जारी किया गया है।



**कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई फैसले:** जोशीमठ के प्रभावितों की व्यवस्था के लिए कैबिनेट की बैठक में अहम फैसले लिए गए। राज्य के सभी मंत्रियों ने अपनी एक महीने की सैलरी मुख्यमंत्री राहत कोष में देने की बात की। बैठक के बाद मुख्य सचिव ने बताया कि जोशीमठ के प्रभावितों को पीपलकोटि, गोचर, कोटिफार्म, सेलांग के अलावा नई जगहों पर विस्थापित किया जाएगा। राहत शिविरों में रहने वाले लोगों के लिए 450 रुपए प्रति व्यक्ति हर रोज खाने पर खर्च किया जाएगा। वहीं, एक परिवार के दो लोगों को मनरेगा में काम मिलेगा। सरकार प्रति जानवर 15 हजार रुपए भी पशुपालक को देगी। यहां 80 बड़े और 45 छोटे जानवर हैं। इसके अलावा नवंबर 2022 से अप्रैल 2023 तक का बिजली और पानी का बिल माफ कर दिया गया है। सरकारी और प्राइवेट बैंक से लोन लेने वालों को एक साल और को-ऑपरेटिव से कर्ज पर छह महीने की राहत दी जाएगी।

**प्रभावित क्षेत्र के होटलों को गिराने का काम रुका:** जोशीमठ में बारिश और बर्फबारी की वजह से मलारी इन और माउंट व्यू होटलों को गिराने का काम अभी रुका है। यह काम शुक्रवार को फिर शुरू हो सकता है। कल शाम को होटल मलारी इन को अपने कब्जे में ले लिया था। पुलिस ने आसपास के रास्तों को बंद कर दिया। प्रदर्शनकारियों को भी हटाया गया है। यह होटल पीछे की ओर पूरी तरह झुक गया है। माउंट व्यू को भी जल्द गिराया जाएगा।

### 100 परिवारों के सिर से छत छिन गई

**उत्तराखंड** के जोशीमठ के करीब 100 परिवारों के सिर से छत छिन गई। अब बारिश-बर्फबारी इनकी परीक्षा ले रही है। 2 जनवरी की रात घरों में दरारें आई थीं, जो अब 10 दिन बाद मोटी होती जा रही हैं। बारिश होने पर इन घरों के गिरने का खतरा बढ़ गया है, प्रशासन ने चेतावनी भी जारी कर दी है। लोग अपने करोड़ों के घर टूटते देख रहे हैं। मदद के नाम पर अब तक सिर्फ कुछ लोगों को ही सरकार से 5 हजार का चेक मिला है।

जोशीमठ में होटल मलारी इन गिराने की कार्रवाई शुरू, बारिश और बर्फबारी से काम प्रभावित: उत्तराखंड के जोशीमठ में जमीन धंसने के घटना के बीच 12 जनवरी को प्रभावित क्षेत्र के होटलों को गिराने का काम शुरू हुआ। इस बीच यहां बारिश और बर्फबारी भी शुरू हो गई, इससे ऑपरेशन प्रभावित हुआ। वहीं, शाम को रउफ्रक्ष ने होटल मलारी इन को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आसपास के रास्तों को बंद कर दिया। प्रदर्शनकारियों को भी हटाया गया है। यह होटल पीछे की ओर पूरी तरह झुक गया है। रात को अचानक लगा कि घर हिल रहा है, पूरा घर टेढ़ा हो गया। दीवारों पर मोटी-मोटी दरारें आ गईं। अपने ही घर में खड़े होने में डर लग रहा है। घर के नीचे से पानी बहने की आवाज आ रही है। ये आवाज कहां से और कैसे आ रही है हमें नहीं पता। अब मेरा 9 कमरे का घर रहने लायक नहीं बचा। कब गिर जाए, कोई भरोसा नहीं है ।्रु जोशीमठ शहर में रहने वालीं कल्पेशवरी पांडे ये बताते हुए रोने लगती हैं।

## हेट स्पीच पर कितनों को गिरफ्तार किया: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में दिसंबर, 2021 में धर्म संसद में भड़काऊ भाषण के मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस पर सवाल उठाए हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने जांच अधिकारी को दो हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस पर सवाल उठाते हुए पूछा कि धर्म संसद 19 दिसंबर, 2021 को हुई थी, लेकिन पांच महीने बाद एफआईआर क्यों दर्ज की गई। चीफ जस्टिस ने दिल्ली पुलिस को फटकार लगाते हुए पूछा कि मामले में एफआईआर दर्ज होने के आठ महीने बाद जांच कहां तक पहुंची। चीफ जस्टिस ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि इस मामले में कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया।




### भाविप विवेकानंद शाखा बरवाला ने वाहनों पर लगाए

**समाचार निर्देश हिसार : समाजसे**वी संस्था भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा बरवाला के तत्वावधान में टोहाना मार्ग पर स्थित पुलिस चौकी बरवाला के सामने आने जाने वाले वाहनों पर स्टीकर लगाए गऐ जिन ड्राइवरों ने ड्राइविंग के दौरान सीट बेल्ट लगा रखी थी उनको परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा गुलाब का फूल देकर प्रोत्साहित किया गयो पुलिस चौकी बरवाला में कार्यरत एएसआई मनमोहन सिंह ने भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा बरवाला के इस कार्य की सराहना की।

## भारत का नया सामर्थ्य बन रहा है नदी जलमार्ग: मोदी



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नदी जलमार्ग को भारत का नया सामर्थ्य बताते हुए कहा कि गंगा नदी पर क्रूज सेवा की शुरूआत ऐतिहासिक क्षण है। इससे भारत में पर्यटन के एक नए युग की शुरूआत होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज-एमवी गंगा विलास को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और वाराणसी में टेंट सिटी का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के दौरान 1000 करोड़ रुपये से अधिक की कई अन्य अंतदेर्शीय जलमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत देशवासियों को लोहड़ी की शुभकामनाएं देकर की। उन्होंने आने वाले दिनों में उत्तरायण, मकर संक्रान्ति, भोगी, बिहू, पोंगल पर्वों के लिए भी लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपने आधुनिक अवतार में एक अत्यधिक विकसित परिवहन प्रणाली के लिए अपनी जलमार्ग की विरासत से जुड़ी ताकत को मजबूती दे रहा है। पिछली सरकारों पर नदी जलमार्गों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि 2014 में सिर्फ 5 राष्ट्रीय जलमार्ग भारत में थे। आज 24 राज्यों में 111 राष्ट्रीय जलमार्गों को विकसित करने का काम हो रहा है। इनमें से लगभग दो दर्जन जलमार्गों पर सेवाएं चल रही हैं। गंगा पर बन रहा राष्ट्रीय जलमार्ग पूरे देश के लिए एक मॉडल की तरह विकसित हो रहा है। ये राष्ट्रीय जलमार्ग ट्रांसपोर्ट, ट्रेड और टूरिज्म के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत कनेक्टिविटी विकसित भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हम इस पर मिशन मोड से काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## निषादों की चिंता योगी हैं : डा. संजय निषाद

**गोरखपुर: संकल्प दिवस समारोह में निषाद पार्टी के** राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने सीएम योगी का स्वागत करने के बाद कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस को चुनाव हारने के बाद निषादों की याद आ रही है। निषाद समाज के लोगों को अपने हक-हकूक के लिए चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हमारी चिंता करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं।

उन्होंने कहा कि निषाद समाज को अनुसूचित जाति का आरक्षण देने के लिए कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेहद गंभीर हैं और उनके समक्ष यह मामला आते ही उन्होंने तत्काल रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया को पत्र भी लिखा। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा कि काशी में रिवर क्रूज को लेकर विपक्षी दलों ने निषाद समाज का हक मारे जाने का दुष्प्रचार शुरू किया है। सच्चाई यह है कि इससे सर्वाधिक रोजगार का लाभ निषाद समाज के लोगों को ही मिलेगा। इस मौके पर संतकबीरनगर के सांसद प्रवीण निषाद समेत निषाद पार्टी के विधायकगण, पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कांग्रेस सरकार ने पहली कैबिनेट में मुहर लगाई, सीएम बोले- पहले साल 900 करोड़ का वित्तीय बोझ; वैट से जुटाएंगे**

## हिमाचल में ओपीएस बहाल

**शिमला: हिमाचल** में ओल्ड पेंशन स्कीम (**ओपीएस**) की बहाली हो गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू कैबिनेट ने पहली ही मीटिंग में **ओपीएस** बहाली का वादा पूरा किया है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस वादे के मुताबिक **ओपीएस** को लागू कर दी है। इससे एक लाख 36 हजार कर्मचारियों को आज से ही लाभ मिलना शुरू हो गया है। इसी तरह कैबिनेट ने महिलाओं को 1500 रुपए देने और एक लाख युवाओं के रोजगार की दृष्टि से दो कैबिनेट सब कमेटी गठित की हैं। सुक्खू ने कहा कि डढर की गारंटी आज से लागू है, जबकि 2 गारंटी लागू करने का फैसला अगले महीने होगा। कैबिनेट के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज या कल वित्त विभाग इसकी अधिसूचना जारी करेगा। इसे लागू करने से पहले ही साल 800 से 900 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा। आने वाले सालों में वित्तीय बोझ बढ़ता जाएगा। सीएम ने कहा कि सरकार ने डीजल पर 3 रुपए वैट बढ़ाया है। इससे आने वाली रकम से ओपीएस कर्मचारियों को पेंशन दी जाएगी। एरियर के लिए आय के संसाधन पैदा करने पड़ेंगे। अभी एरियर का पैसा देने के लिए पैसा नहीं है।



**बोर्ड-निगम कर्मचारियों को भी ओपीएस:** सुक्खू ने कहा कि ओपीएस का लाभ सभी विभागों, बोर्ड व निगम कर्मचारियों को भी

**निषाद पार्टी के संकल्प दिवस समारोह में बोले मुख्यमंत्री, आज कोई भी किसी गरीब का शोषण नहीं कर सकता**

## साकार हो रहा रामराज्य का संकल्प: सीएम योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भगवान श्रीराम और निषादराज गुह्य की अभिन्न मित्रता हमारी विरासत है। इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार रामराज्य के संकल्प को साकार कर रही है। सबके साथ न्याय और सबकी समुचित भागीदारी चहुंओर दिख रही है। आज कोई भी किसी गरीब का शोषण और उसके साथ अन्याय नहीं कर सकता है। सीएम योगी शुक्रवार को निषाद पार्टी के संकल्प दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी लोगों को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछली सरकारों में निषाद के नौजवानों को गोली मिलती थी पर इस सरकार में आपका संकल्प पूरा हो रहा है। आपको अधिकार, सम्मान व सुविधाएं मिल रही हैं। आज पीएम मोदी ने काशी से दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज को रवाना किया है। इससे पर्यटन और रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी और गंगा पुत्र निषादों को रोजगार मिलेगा। सीएम ने कहा कि श्रृंगवेरपुर में श्रीराम और निषादराज की गले लगी प्रतिमा को बनाने का काम अंतिम चरण में चल रहा है। इसी क्रम में 2023 में अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका होगा। यह राष्ट्र मंदिर होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि निषाद समाज के लिए आरक्षण के मुद्दे पर सरकार सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रही है। संघर्ष कभी व्यर्थ नहीं जाता। निषाद पार्टी ने 10 साल पहले जो संकल्प लिया था, उसे पूर्ण करने की कार्यवाई अंतिम चरण में चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया जब आगे बढ़ रही है।



## केजरीवाल और जैन प्रताड़ित कर रहे: ठग सुकेश

**नई दिल्ली: 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग** मामले के आरोपी सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार को फिर लेटर लिखा है। इस लेटर मे सुकेश ने लिखा- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं और धमकियां दे रहे हैं। सुकेश ने लिखा कि उसे आप नेता उनपर और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ शिकायतें वापस लेने के लिए परेशान कर रहे हैं। सुकेश ने यह लेटर अपने वकील के जरिए उपराज्यपाल को दिया है।



सुकेश ने चिट्ठी में उपराज्यपाल को बताया कि 31 दिसंबर को जैन ने सुपरिटेंडेंट के जरिए सबूतों को उन्हें सौंपने और बयानों को वापस लेने का ऑफर दिया था। इसके बदले में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में एक सीट और पंजाब में रेत खनन के ठेके की पेशकश की थी। सतेंद्र जैन ने चेतावनी दी थी कि अगर उनका ऑफर नहीं माना तो उसे मंडोली की एक जेल से दूसरी जेल में ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

# सिटी आस-पास संदेश



## खबर संक्षेप

### मास्क पहन कर ही कर सकेंगे सेंट्रल जेल में मुलाकात

**नैनी।** नैनी सेंट्रल जेल में मुलाकात करने के लिए मास्क पहनना जरूरी है। कोविड को लेकर जेल प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। मुलाकातियो को मास्क पहन कर आने के लिए बताया जा रहा है। इस संबंध में जेल की वरिष्ठ अधीक्षक शशिकांत सिंह ने बताया कि कोविड के बढ़ते हुए मामले को देखते हुए एतिहाद के तौर पर यह कदम उठाया गया है बता दें कि सेंट्रल जेल में रविवार को छोड़कर सप्ताह के 6 दिनों में बड़ी संख्या में मुलाकात की जेल में बंद अपने परिचितों से मुलाकात करने आते हैं ऐसे में कोविड को ध्यान में रखकर विशेष व्यवस्था की गई है।

### शांतिभंग की आशंका में एक का चालान

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में एक व्यक्ति का चालान किया है। एसआई ऋतुराज सिंह ने बताया कि शांतिभंग की आशंका को देखते हुए सुनील धइकार पुत्र चपरी धइकार (निवासी वार्ड दो, शिक्षक नगर, शंकरगढ़) का 151, 107, 116 के तहत चालान किया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क के किनारे मिला युवक का शव, हड़कंप

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** इलाकाई थाना क्षेत्र के सिरखिडी गांव के समीप सड़क के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया, सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए जांच में जुटी हुई है।बता दें कि मेजा थाना क्षेत्र के डेलौहा गांव निवासी रोहित यादव बीती रात घर से बाइक लेकर अपनी रिश्तेदारी के लिए निकला था जहां सुबह उसका शव मेजारोड कोरांव मार्ग के सिरखिडी तेदुआ के पास सड़क के किनारे गड्ढे में संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। मौके पर बाइक भी क्षतिग्रस्त मिली है।सुबह जब राहगीरों ने देखा तो हड़कंप मच गया मामले की जानकारी पुलिस को दिया। सूचना पर मेजारोड चौकी के उपनिरीक्षक इशितयाक अहमद पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर घटना की जानकारी परिजनों को दिया। वहीं पुलिस की मानें तो अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। वही मामला संदिग्ध होने के चलते परिजन अभी किसी भी बात से इंकार कर रहे फिलहाल पुलिसिया जांच के बाद ही सच्चाई सामने निकलकर आएगी ।

## एसडीएम बारा ने एक ट्रक व दो ट्रैक्टर को किया सीज

**बारा।** उपजिलाधिकारी बारा ने एक ओवर लोड ट्रक तथा दो ट्रैक्टर को अवैध परिवहन करते हुए पकड़कर सीज कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपजिलाधिकारी बारा सूदन अब्दुल्लाह गाड़ियों की चेकिंग में निकले थे। घूरपुर थाना क्षेत्र में एक ओवरलोड ट्रक को रोककर उससे वैध कागजात मांगे गए तो उसने फर्जी कांटा पर्ची दिखाया। गाड़ी को दुबारा कांटा कराया गया तो उसने पर्ची में लिखे भार से अधिक सैंड लदा पाया गया। जिसे थाना घूरपुर को सौंपकर सीज करने का आदेश दिया। दूसरी तरफ बारा थाना क्षेत्र में दो ट्रैक्टर में गिट्टी लदी जा रही थी। जब ट्रैक्टर को रोककर वैध कागजात की मांग की गई तो वह किसी भी प्रकार के कागजात नही दिखा सके। उपजिलाधिकारी बारा ने दोनो ट्रैक्टर को अवैध परिवहन के तहत थाना बारा को सौंपते हुए सीज करने का आदेश दिया। उपजिलाधिकारी बारा की इस कार्यवाही से अवैध परिवहन व ओवर लोड के कारोबार में लगे लोगों में हड़कंप मचा रहा।

# अरैल में पानी के लिए हाहाकार

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** अरैल ग्राम सभा में इन दिनों पानी के किल्लत मची हुई है। लोग इस भीषण ठंडी में बाल्टी डिब्बा लिए पानी खोजते फिर रहे है। जहा कही पानी मिलता भी है, वहा इस भीषण ठिठुरन में घंटो लाइन लगाना पड़ता है। हैरानी की बात यह है कि समस्या की जानकारी होने के बावजूद जल निगम के लोग मौन साधे हुए है।

कहने को तो अरैल गांव और इसके आस पास आधा दर्जन से ज्यादा नलकूप जल निगम के है। लेकिन तकनीकी खामियों के चलते बाइट 15 दिन से पानी की किल्लत शुरू है। यहा रहने वाले लोग शिकायत करते करते थक चुके है। लेकिन जेल निगम की तंद्रा टूटने का नाम ही नही ले रही है। जल नियम के अधिकारियों की लापरवाही के चलते सच्चा बाबा नगर, कुशवाहा नगर, निषाद बस्ती, मुरादपुर, यादव बस्ती, सुडिया भीट, नई बस्ती, नंदन तालाब आदि मोहल्ले में नागरिक एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। यहां के रहने वाले संजय कुमार लव-कुश मनोज प्रवीण सरजू पिंटू आदि का कहना है कि नलकूपों से निकलने वाले कम प्रेशर से जलापूर्ति बाधित हो रही है। नलकूपों की क्षमता बढ़ाने अथवा प्रेशर और अधिक करने के लिए कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन कोई कुछ सुनने को तैयार नहीं है जिसकी वजह से यहा रहने वाले लोग सुबह से शाम तक सिर्फ पानी के लिए परेशान रहते हैं। मोहल्ले में जो कुछ लोगों ने बोर कराया है। उनके घर के सामने दिनभर बाल्टी डिब्बल यह लोग पानी के लिए खड़े रहते हैं। सच्चा बाबा आश्रम के समीप रहने वाली मनोरमा देवी शीतल सुनैना शताक्षी शीला देवी आदि का कहना है कि पानी ना होने की वजह से बहुत दिक्कत हो रही है जल निगम के लोग सुन नहीं रहे हैं अब हम लोग किस के पास जाएं कुछ समझ में नहीं आ रहा है उन्होंने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से इस बस्ती में उत्पन्न हुई पानी की किल्लत दूर करने की गुहार लगाई है। यहां के रहने वाले समाजसेवी संजय श्रीवास्तव का कहना है कि पानी की सप्लाई निरंतर न होने से भी समस्या उत्पन्न होती है। प्रेशर कम होने से घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। लोग बड़े-बड़े टुल्लू लगा ले रहे हैं। जिससे कई घरों में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। आज हालात यह हो गई हैं कि इस क्षेत्र में करीब तीन हजार घरों में रहने वाले लोग पानी की समस्या से जूझ रहे है।

# सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल पुलिस को दर्ज करना पड़ा दोबारा मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला अबूहलीम पटटी में गुंडागर्दी से जमीन कब्जा करने का मामला**



मऊआइमा। विगत दिनों कतिपय बदमाशों ने एक व्यक्ति की बाउंड्री के अन्दर की जमीन कब्जा करने के लिए असलहों का प्रदर्शन करते हुए घर में घुस कर तोफ फोड मार पीट किए। यही नहीं पुलिस के सामने कई बाइकों से आए बदमाशों ने काट डालने की धमकी दी थी।। जिसका वीडीओ सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ तो पुलिस स्वयं वादी बन कर एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। बाद में आधिकारियों की फटकार के बाद भुक्भोगी से तहरीर लेकर तीन नामजद एक दर्जन अज्ञातों के खिलाफ शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया। इस प्रकार पुलिस को दो मुकदमा दर्ज करना पडा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला अबूहलीम पट्टी निवासी शाहनवाज माजिद पुत्र माजिद अबरार का आरोप है कि उनकी बाउंड्री हुई जमीन को उनके बडे बाप ने बिना कब्जाई जरबयाना कर दिया था। मामला दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है। शहनवाज माजिद का आरोप है कि 8 जनवरी को कई बाइकों पर डेढ दर्जन लोग असलहा लहराते हुए घर में घुस कर तोड फोड किए। पुलिस को सूचना देने पर दो सिपाही पहुंचे परन्तु मनबढ बदमाशों ने पुलिस के सामने काट डालने की धमकी दी थी। पुलिस बदमाशों को पकड? के बजाय बदमाशों को भागाने में लगी रही।उक्त सारा मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इंस्पेक्टर स्वंय वादी बन कर केवल इरफान पुत्र जैनुल उद्दीन के खिलाफ मामूली धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। जब उक्त वीडियो को आला अधिकारियों ने देखा तो मऊआइमा पुलिस ने शुक्रवार को शहनवाज माजिद की तहरीर पर मोहम्मद रिजवान पुत्र मोहम्मद हनीफ नौवापुर मान्धाता प्रतापगढ़ तथा इरफान ,अबू हमजा पुत्रगण जैनुद्दीन ग्राम सुलतानपुर खास तथा एक दर्जन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। बता दें कि इरफान पुत्र जैन उद्दीन घूरपुर में हुई लूट में जेल गया था। इन दिनों हाईकोर्ट की बेल पर है। अभी एक माह पूर्व सुलतानपुर खास निवासी जीतेंद्र कुमार की मोबाइल की दुकान पर चढ कर तमंचा लगा कर पचास हजार गुंडा टैक्स अबू हमजा पुत्र जैन उद्दीन ने मांग था। मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आज तक खुलेआम घूम रहा है। परन्तु उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई।

## मेडिकल साथी अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 105 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया



**करछना।** कुशगढ़ गांव स्थित मेडिकल साथी अस्पताल की ओर से ब्लॉक करछना के ग्राम पंचायत हथसरा के ग्राम सचिवालय पर एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर शुक्रवार को आयोजित हुआ। जिसमें स्थानीय लोगों की भीड़ रही। शिविर में मौजूद विभिन्न रोगों से संबंधित चिकित्सकों की ओर से रोगियों का आधुनिक उपकरणों से स्वास्थ्य का परीक्षण करके उनमे निशुल्क में दवाइयां भी वितरित की गई । शिविर के संयोजक रहे मेडिकल साथी अस्पताल के डॉ रंज्जन प्रसाद तिवारी ने बताया कि शिविर में मौजूद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सुमन पंत नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सर्वेश पांडेय फिजीशियन डॉ आलोक सहित बाल रोग विशेषज्ञ की ओर से कुल 105 मरीजों का आधुनिक उपकरणों के जरिए स्वास्थ्य परीक्षण करके उन्हें निशुल्क में दवाइयां भी दी गई। साथ ही साथ अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की भी लोगों में सलाह दी गई । इसके अलावा खान -पान और रहन-सहन के सहित साफ सफाई के प्रति विशेष ध्यान देने की बात कही गई। शिविर के व्यवस्थापक रहे हथसरा ग्राम प्रधान शिवगणेश पटेल की ओर से शिविर में मौजूद चिकित्सकों समेत सभी लोगों के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर भाजपा नेता सालिकराम तिवारी प्रीति बालमुकुंद विश्वकर्मा कमल कुमार विनोद कुमार बबूआन बृजेश कुमार मिश्र रामबली पटेल सूर्य बली पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### पंचायत सहायकों को वर्चुअल के तहत दिया गया प्रशिक्षण



**करछना।** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में नियुक्त पंचायत सहायकों को शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के अंतर्गत वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विस्तृत जानकारी दी गई एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा खंड प्रेरक अतुल कुमार मिश्रा एवं दुष्यंत प्रताप सिंह द्वारा उपस्थित सभी पंचायत सहायकों को वर्चुअल प्रशिक्षण के तहत जानकारी से अवगत कराया गया, अपर मुख्य सचिव पंचायती राज उत्तर प्रदेश के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 प्रतिक्रिया के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई इस जानकारी से अवगत कराया गया तथा गांव में स्वच्छ भारत मिशन फेस टू के अंतर्गत आने वाले सभी विधाओं के विषय में पंचायत सहायकों को वर्चुअल प्रशिक्षण के तहत जानकारी मुहैया कराई गई इस अवसर पर ब्लॉक कर्मियों के अलावा सभी पंचायत सहायक व सचिव उपस्थित रहे।

### नई प्लेटीना बाइक 110 सीसी का हुआ लाचिंग -



**करछना।** यमुनापार के कोहडार बाजार में शुक्रवार को नई प्लेटीना बाइक 110 सीसी की लाचिंग की गई ! कोहडार के बीके आटोमोबाइल में मुख्य अतिथि डाक्टर ए के यादव व डाक्टर ए के मौर्या रहे! यूनाइटेड आटोमोबाइल के एरिया मैनेजर शम्श तबरेज ने नई प्लेटीना बाइक 110 एबीएस के बारे में बताया कि इस बाईक में ब्रेकिंग कंट्रोलिंग सिस्टम व सिटिंग माइलेज में जो आज तक की सभी बाईकों में शानदार है ! आटोमोबाइल शोरूम के मैनेजर दीपू सिंह ने बताया कि इस बाईक की कीमत सबसे कम कीमत की एबीएस सिस्टम की बाईक है जिसे बेहतरीन तरीके से लोगों को पसंद आएगी!

### सीएम के आदेश के बावजूद दर्जनों सड़कें नहीं हो सकीं गड्ढा मुक्त



**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र की दर्जनों सड़कें मरम्मत के अभाव में जीर्ण शीर्ण हो गई है ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के बार बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी नहीं बन रही है।जिसके कारण सड़क पर आवागमन करने वाले आम नागरिकों, छात्रों, वकीलों, व्यापारियों मे आक्रोश है क्योंकि ग्रामीणों की सुनने वाला कोई नजर नही आ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश दिया था इसके बावजूद क्षेत्र की सड़कें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है।चंपापुर-हरीपुरपट्टी जलालपुर तथा रधईपुर महरछा से पयागपुर कुंदौरा धाम जाने वाली सड़क एवं क्षेत्र की अन्य जर्जर हो चुकी सड़कों मे अनुवां-चनेथू महरछा, महरछा-जंघई- प्रयागपुर आदि दर्जनों सड़कें पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। लेकिन इनका नवीनीकरण या मरम्मत न होने से सभी आक्रोशित है मिनटों का सफर घंटों मे तय करना पड़ रहा है इन सड़कों पर रात दिन आवागमन होने के बावजूद वर्षो से इन सड़कों की मरम्मत नही हुई है।

### सीडीओ ने किया सीएचसी व पांडर गौशाला का औचक निरीक्षण




**जसरा।** मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज द्वारा जसरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा के साथ रेरा और पांडर गौशाला का औचक निरीक्षण किया। जब कि सीएचसी जसरा में दंत एक्सरे को मंजूरी दिलाने के लिए अधीक्षक को आश्वसन दिया। वहीं रेरा गौशाला निरीक्षण के दौरान गोवंशों के खराब स्वास्थ्य देखकर सचिव पर भड़क गये और एक माह के अंदर सुधार करने की चेतावनी दी।रेरा व पांडर गौशाला में गोवंशों के टैग की जानकारी लिया। रेरा गौशाला के गोवंशों के स्वास्थ्य को देखकर रेरा के सचिव पर अत्यधिकनाराजगी ब्यक्त किया। सचिव से एक माह में दो बारा गौशाला आकर निरीक्षण करने को कहा है। वहीं गोवंशोंको केवल पराली खिलाने को लेकरनाराजगी जताई। कहा इन्हे पौष्टिक आहार के साथ चूनी चोकर देने को कहा है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा का निरीक्षण किया।सीडीओ सीपू गिरि ने सीएचसी अधीक्षक डॉ तरुण पाठक से कहा कि दंत विभाग के लिए एक्सरे लगवाने के लिए मैं जल्द ही प्रयास करूंगा। इस मौके परबीडीओजसरा डा० सपना अवस्थी,डा सुनील मिश्र, श्यामलाल तिवारी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन



**जसरा।** हिंदू सनातन धर्म एकता की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सौनाकिया जी का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन, रेखा जी का आज जारी कार्यालय पर सुजीत अग्रहरि के अगुवाई में और लालापुर में ग्राम प्रधान शंकरलाल पांडे की अगुवाई में धूमधाम से राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया ।इस अवसर पर प्रधान लालापुर शंकर लाल पांडे ने केक काटकर कार्यकताओं को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा श्रीमती रेखा जी समाज के लिए एक उदाहरण रूप में है उनका व्यक्तित्व निश्चित रूप से समाज को एक नई दिशा दे रहा है कार्यकताओं ने अपनी तरफ से भी रेखा जी को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान लालापुर शंकर लाल पांडेय,प्रधान दीपेश मिश्रा, प्रधान राजू, विजय निषाद उर्फ श्यामू ,अंजली पांडे , मीनाक्षी सिंह, गीता परिहार आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### पार्टनर ने जालसाजी करके बैंक से लाखो रुपये हड़प लिया

**मऊआइमा।** लकडी का कारोबारी पार्टनर ने जालसाजी एंव फ्राड कर फर्जी अभिलेखों के जरिए अपने पार्टनर साथी के खाते से छह लाख तेईस हजार दो सौ रुपये हडप कर चम्पत हो गया। पुलिस आयुक्त के आदेश पर फ्राड का मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आजमगढ़ के महाराजगंज प्रतापपुर के मां वैशवण पौन साली निवासी हरिलाल यादव पुत्र सत्य देव यादव का कहना है कि वह एक व्यक्ति से मऊआइमा क्षेत्र में लडकी का कारोबार करता था। व्यापार पार्टनर पर था। हरिलाल यादव का आरोप है कि उसके बैंक खाते से पार्टनर ने कूट रचित, फ्राड, जालसाजी का अभिलेख तैयार कर खाते से छह लाख तेइस हजार दो सौ रुपये उडा दिया उडा दिया। मोबाइल पर मैसेज आने पर उसे जानकारी हुई तो पार्टनर नहीं मिला कहीं भाग गया। हरिलाल यादव ने पुलिस आयुक्त से फरियाद लगाई जिसपर मऊआइमा पुलिस ने सिबाउद्दीन पुत्र गयासुद्दीन महदौरी चकसाला रानीगंज प्रतापगढ के खिलाफ जालसाजी फ्राड आदि का मुकदमा दर्ज कर मामले जांच कर रही है।

# गांव की समस्या गांव में समाधान की हुई चौपाल




अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** शुक्रवार को सोरांव ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिजार्पुर उर्फ बरईशिव में ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार पासी के नेतृत्व में सचिवालय पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक व गांव के अधिकारी व कर्मचारीगण संग ग्रामीण मौजूद रहे। इतना ही नहीं सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को क्रियान्वयन करने के लिए सप्ताह के हर शुक्रवार को ग्राम चौपाल लगाने का सरकार ने निर्देश दे दिया है। तथा इतना ही नहीं इसमें सरकार की तरफ से सख्त निर्देश है कि ग्राम में ब्लॉक से जुड़े हुए अधिकारी हर शुक्रवार को अपने ग्राम पंचायत कार्य क्षेत्र में कम से कम 3 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन करें। तथा गांव की समस्या गांव में ही निदान का मंत्र भी सरकार ने दिया है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को मिजार्पुर उर्फ बरई शिव में ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार,ग्राम प्रधान रीता देवी संग समस्त अधिकारी व कर्मचारियों की मौजूदगी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 6 शिकायतें पत्र प्राप्त हुए तथा सभी का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। चौपाल में ग्राम विकास अधिकारी अखिलेश कुमार ने गांव से जुड़ी हर समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण करने व गांव के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही है। तथा विभिन्न योजनाओं जैसे मनरेगा, 15 वें वित्त, चतुर्थ वित्त, स्वच्छ भारत ग्रामीण मिशन के अंतर्गत मिलने वाले विभिन्न योजनाएं पर विस्तार से चर्चा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार , नोडल अधिकारी राजेश कुमार पाण्डे, ग्राम प्रधान रीता देवी सचिव अखिलेश कुमार और सफाई कर्मचारी कोटेदार ,आशा, आंगनबाड़ी आदि लोग उपस्थित रहे।

## चौपाल लगाकर सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं




**सहसों।** विकासखंड सहसों के ग्राम सभा बारों में शुक्रवार को ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह की अध्यक्षता में खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर ग्रामीणों ने इंटरलॉकिंग, नाली, पेंशन के अतिरिक्त राशन कार्ड के लिए ग्रामीणों ने अपनी अपनी अर्जी दर्ज करवाई। जिस पर खंड विकास अधिकारी ने सभी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारी को समाधान का निर्देश दिया। इस मौके पर एडीओ पंचायत नरेंद्र दूबे, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , ग्राम प्रधान रामभुवन बिंद, ग्राम प्रधान प्रताप बहादुर सिंह आदि रहे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बभनकुइया में एडीओ आईएसबी विजय कुमार गौतम ने जन चौपाल में ग्रामीणों की समस्या सुनकर उसके समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर गांव की फूलपति देवी, राजकुमारी, बबिता देवी ने पेंशन तथा अंजलि ने राशन कार्ड के लिए प्रार्थना पत्र दिया इसी प्रकार नाली, इंटरलॉकिंग, शौचालय आदि के कई प्रार्थना पत्र आए जिस पर एडीओ आईएसबी ने समाधान का आश्वासन देते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अशोक कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी अश्वनी कुमार, पंचायत सहायक स्वाती सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ग्राम प्रधान लीडर ने विवादित भूखंडों का लिया जायजा

**कोरांव।** ग्राम पंचायत अल्हवा ब्लॉक कोरांव में ग्राम प्रधान लीडर अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने ग्राम में खलिहान और चकमार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत का स्वत मौके का जायजा लिया। और समस्या समाधान किए जाने की बात कही। ग्राम प्रधान ने ग्राम सभा के कुर्मियांन बस्ती का भ्रमण किया और और खलिहान की भूखंड पर अनाधिकृत कब्जे का दृश्य देखा। साथ ही उसी बस्ती में चकमारगों के दुर्पयोग के दृष्टिगत अधिनस्थों को तत्काल प्रभाव से आम रास्ते से दोनो चकमार्जों को लिंक करने का निर्देश दिया। ग्राम सभा अल्हवा के रोजगार सेवक सूर्य दीन सिंह पटेल ने बताया कि ग्राम प्रधान जी ने कुर्मी बस्ती कि खलिहान भूखंड को अवैध कब्जे हटवा कर कुर्मी बस्ती के नागरिकों के हितार्थ मनरेगा द्वारा बाउंड्री बनवाने साफ सफाई कराकर गोबर हटवाने मडहे हटवाने और सुंदरी करण किए जाने को कहा और तत्काल आईडी बनवा कर खलिहान को स्वक्छता अभियान के तहत मनरेगा योजना से श्रमिक लगा कर साफ सफाई कराए जाने एवं मनरेगा से ही दोनो चक रोड क्रमशः एक मार्ग करीब छ सौ मीटर लंबी और चौड़ी पंद्रह फिट जो कुर्मी बस्ती से शिवशंकर सिंह के घर तक तथा दूसरी सदक तालाब के मंदिर के सामने से सेवती नदी तक लगभग एक किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य को मंजूर करते हुए आईडी बनवा कर निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया है। प्रधान ने बताया कि हरीनंद सिंह पटेल के व्यर्थ पड़े कूप के कारण खतरे को देखते हुए उस पर एक जाली लगने की आवश्यकता बताई और कूप मालिक को उस पर जाली लगवाने को सुझाव दिया। समुदाइक सौचालय को बाउंड्री वॉल बनवा कर उसकी मरम्मती करण कर जनता को समर्पित किए जाने का अधिनस्थों को समुचित कार्यवाही किए जाने को कहा। मनरेगा के पाइपों को भी उठवा कर जहां जल जमाव या जल निकासी की समस्या है वहां पर लगवाने हेतु ग्राम विकास अधिकारी को इंगित किया। इस संबंध में यदि किसी को कोई समस्या हो या वे पात्र हों भूल वश कोई छूट रहा हो तो कृपया इतवार तक अवगत कर सकते हैं। अन्यथा आवंटन कार्यवाही किए जाने के बाद कोई भी आपत्ति नहीं सुनी जाएगी। ग्राम प्रधान ने आह्वान किया कि ग्राम्य के विकाश में लोग सहयोग प्रदान करें,क्योंकि किसी भी समस्या का हल असंभव नहीं है। हम सदैव आप के साथ हैं,सिर्फ आप सब मुझे और मेरे विचारों और कृत्यों को परखें। प्रधान ने यह भी कहा कि ग्राम सभा अल्हवा के दोनों तालाबों को सुंदर बनवायेंगें और गांव का समग्र विकास करेंगें। उन्होंने कहा कि जितनी योजनाएं हमने सरकार से प्रस्ताव दे कर पैरवी की है।

# विद्यालय के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने बिखेरे जलवे

अखंड भारत संदेश



वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत करते विद्यालय के प्रबंध निदेशक।

**सहसों।** टीपी मेमोरियल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज व अभिज्ञान एकेडमी स्कूल सराय तकी झूंसी के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को विद्यालय के प्रांगण में बच्चों द्वारा विद्यालय के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक समारोह आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने आए हुए आगंतुकों एवं अभिभावकों का मन मोहते होते हुए विभिन्न प्रकार के आकर्षक नृत्य, भजन एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए। जिसमें कार्यक्रम के दौरान नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा शिव तांडव नृत्य, मैं बरसाने की छोरी नृत्य, राधे राधे बिन कृष्ण लगे आधे, छाप तिलक सब छीनी जैसे सुंदर सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम को मुस्कान निषाद, मिली सिंह, संध्या यादव, शिवांगी, इशिका, आस्था, सिया, राशि, श्रेया, रूबी, सोनी, दिव्यांशी, प्रज्ञा, साक्षी, कृति, आयुषी, प्रतिमा, हिमांशी, नीलू, सिद्धि, जान्हवी, अंकिता, खुशी, अनुष्का, अपेक्षा, रुचि, आदिल, अर्पित, सुमन एवं उत्कर्ष सहित आदि बच्चों ने सुंदर प्रस्तुति करते हुए अतिथियों एवं अभिभावकों सहित उपस्थित सभी लोगों का मन मोहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल एवं सह जिला विद्यालय निरीक्षक बीरेन्द्र सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, जीत लाल तिवारी एवं सुदर्शन जी महाराज ने ज्ञान की देवी माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम की शुरूआत छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना एवं मंगलाचरण के साथ किया गया तथा आए हुए अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति स्वागत गीत भी गाए। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सुंदर कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय के प्रबंध निदेशक/भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गंगापार लक्ष्मी कांत उपाध्याय एवं किरन सिंह, सौरभ सिंह ने मेडल, प्रतीक चिन्ह एवं विभिन्न प्रकार के पुरस्कार देते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिलीप जी, अरुण मिश्र, भूपेंद्र मिश्र, राजेंद्र शुक्ल, शीतला प्रसाद सिंह, विमलेश पटेल, कपिल सिंह, लव कुश निषाद, गोरखनाथ सिंह, अनिरुद्ध ओझा एवं विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा समस्त कर्मचारियों सहित अभिभावकगण एवं क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दर्जनों बस्तियों में विद्युत आपूर्ति बाधित, विधायक से शिकायत

**नैनी।** नैनी से सड़वा फीडर से संबंधित दर्जनों बस्तियों में बिजली की भीषण कटौती से लोगों में आक्रोश व्याप्त रहा। संडवा फीडर से मिलने वाली अरैल के निषाद बस्ती, कुशवाहा नगर, करबला, मुराद पुर, नई बस्ती, शिव नगर, कृष्णा नगर, नंदन तालाब, चक हीरा नंद, बहुगुणा नगर, सुरिया भीट, सोमेश्वर मंदिर, सच्चा बाबा नगर, संत नगर, टीचर कालोनी, मवैया के टिकुरी, निषाद बस्ती, गंगेश्वर महादेव, पाल बस्ती, यादव बस्ती, हरिजन बस्ती, लवायन के तालाब आदि बस्तियों में बिजली आपूर्ति होती है। अघोषित कटौती से पीने के पानी भी नहीं मिल पा रहा है। जिससे पूरे क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। इस संबंध में लोगो का प्रतिनिधि मंडल क्षेत्रीय विधायक पीयूष रंजन निषाद से मिलकर विद्युत समस्या से अवगत कराया। उन्होंने शीघ्र ही विद्युत समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदीप महरा शास्त्री, राम नरेश तिवारी, ओंकार नाथ मिश्र, प्रवेश पाण्डेय, मुरलीधर निषाद, शिव शंकर दीक्षित, उमाशंकर, लल्लू कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने मकर संक्रांति स्नान पर्व के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन सहित अन्य क्षेत्रों का किया भ्रमण

**यात्रियों के लिए बनाये गये आवागमन मार्गो एवं होल्डिंग एरिया का किया निरीक्षण, दुकानों पर खाद्य पदार्थो की मूल्य सूची लगाने तथा निर्धारित मूल्य पर ही खाद्य पदार्थो की बिक्री किए जाने के दिए निर्देश**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने मकर संक्रांति स्नान पर्व के दृष्टिगत आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन की व्यवस्था हेतु प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन के दोनो तरफ होने वाली संभावित भीड़ के प्रबंधन के लिए की गयी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्नानार्थियों के लिए बनाये गये होल्डिंग स्थलों पर प्रकाश, पानी, शौचालय सहित अन्य भूलभूत सुविधाओं के समुचित प्रबंध बनाये रखने के लिए कहा है। उन्होंने प्लेटफार्मों पर आने-जाने वाले मार्गो एवं आने वाली गाड़ियों के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार तथा पार्किंग स्थल के बारे में भी






जानकारी प्राप्त की तथा सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर साइनेज लगाये जाने के लिए कहा है, जिससे कि यात्रियों को आवागमन में कोई असुविधा न हो। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर बनाये गये कंट्रोल रूम को भी देखा तथा डिस्प्ले के माध्यम से वहां से होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने पीएस सिस्टम के संचालन को भी देखा तथा कहा कि यात्रियों की सुविधा हेतु आवश्यक सूचनाओं का प्रसारण निरंतर रूप से होता रहे, जिससे कि यात्रियों को सही जानकारी प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को रेलवे स्टेशन तथा होल्डिंग एरिया में एम्बुलेंस, दवाओं एवं चिकित्सकों की व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने दुकानों पर बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थों की निर्धारित मूल्य सूची भी दुकानों पर लगाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लेने वाले लोगो के विरूद्ध कार्रवाई भी की जायेगी। जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन के अलावा रामबाग, एंग्लो बंगाली इण्टर कालेज एवं प्रयाग स्टेशन सहित कई अन्य क्षेत्रों के मार्गों का भ्रमण कर आवागमन के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही साथ उन्होंने वहां पर बनाये गये होल्डिंग एरिया को भी देखा तथा वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें बनाये रखने के लिए कहा है। इस अवसर पर डीसीपी नगर संतोष मीणा तथा रेलवे के अधिकारीगणों के अलावा अपर जिलाधिकरी नगर, वित्त एवं प्रशासन, सिटी मजिस्टेट सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति पर्व : मेला क्षेत्र में फोर्स तैनात,155 सीसीटीवी कैमरों से मेले की होगी सुरक्षा, झूंसी क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से रखी जाएगी नजर



**प्रयागराज।** दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति के मद्देनजर मेला क्षेत्र में तीन हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। तीन एएसपी समेत कुल 19 अफसरों के पर्यवेक्षण में फोर्स सुरक्षा व्यवस्था में तैनात की गई है। 155 सीसीटीवी कैमरों के अलावा कुल पांच ड्रोन कैमरों से भी नजर रखी जा रही है। मेले में पीएसी की 10 कंपनियां पूर्व में ही तैनात थीं। मकर संक्रांति के लिए पांच अतिरिक्त कंपनियां भी एक दिन पहले ही आ गईं। इसके अलावा जोन के जनपदों में से 30 अतिरिक्त इंस्पेक्टर भी ड्यूटी में लगाए गए हैं। एसपी मेला सुरक्षा राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि सुरक्षा संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रिजर्व पुलिस लाइन माघ मेला के मानसरोवर सभागार में जवानों की ब्रीफिंग कर उन्हें दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान एडीजी जोन भानु भास्कर के अलावा पुलिस आयुक्त रमित शर्मा समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।155 सीसीटीवी कैमरे पूरे मेला क्षेत्र में लगाए गए हैं जिनके जरिए लाइव निगरानी की जा रही है। इसके अलावा ड्रोन कैमरों से भी संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। अरैल, परेड, संगम, झूंसी में ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। जवानों को उनके ड्यूटी प्वाइंट पर रात में ही तैनात कर दिया गया है। इससे पहले ब्रीफिंग कर उन्हें दिशा-निर्देश दिए गए। जल पुलिस के साथ ही एसडीआरएफ को भी तैनात किया गया है।

# माघ मेले के आयुर्वेदिक अस्पताल में पहुंचे मंत्री, दिए निर्देश

**बोले, घोषणा कराएं कि मेले में चल रहा आयुर्वेदिक अस्पताल**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्रा ₹दयालु₹ शुक्रवार की रात माघ मेले में पहुंचे थे। श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुविधाओं का ख्याल रखने के उद्देश्य से राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय शिविर का निरीक्षण किया। सेक्टर नंबर 4 काली मार्ग पर स्थित शिविर का स्थलीय निरीक्षण कर डॉक्टर्स और दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली। यहां उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह मेला क्षेत्र में अनाउंस कराएं कि यहां आयुर्वेदिक अस्पताल भी संचालित हो रहा है। यहां श्रद्धालु आकर दवा आदि मुफ्त में प्राप्त सकते हैं।राज्यमंत्री होम्योपैथिक विभाग के शिविर में पहुंचे। उन्होंने यहां रखे दवाईयों के



बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा माघ मेले में हर वर्ष करोड़ों श्रद्धालु संगम नगरी में डुबकी लगाते हैं। राज्य सरकार द्वारा सभी के स्वास्थ्य का ख्याल रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य शिविरों की व्यवस्था की गई है। विभाग के अधिकारियों को दवाओं की कमी नहीं होने देने, डॉक्टर्स की उपलब्धता बनाए रखने एवं साफ सफाई का विशेष ख्याल रखते हुए अधिक से अधिक लोगों तक भारतीय प्राचीन चिकित्सा पद्धति का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेवा को सर्वोपरि मानकर आने वाले श्रद्धालुओं का इलाज करें। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शारदा प्रसाद को बेहतर व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया है।

## नैनी स्टेशन रोड से जा रहे भारी वाहनों का पुलिस ने किया चालान

**नैनी।** मेवलाल की बगिया से होते हुए स्टेशन रोड से लेप्रसी की ओर जाने वाले भारी वाहनों का चालान बीती रात पुलिस ने किया बताया जाता है कि नो एंट्री में फंसने के कारण भारी वाहन मेवलाल बगिया से लेप्रसी की ओर जाने के लिए हनुमान नगर से होकर जाने का प्रयास करते हैं इन्हीं वाहनों के खिलाफ पुलिस ने बीती रात अभियान चलाकर करीब एक दर्जन वाहनों का चालान किया भारी वाहनों की कतार के बीच एक एंबुलेंस भी फस गई जिसे काफी जद्दोजहद के बाद रास्ता क्लियर कर शहर की ओर जाने दिया गया पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में पुलिस की चर्चा लोगों का कहना है कि मेवा लाल बघिया से स्टेशन रोड में भारी वाहन जाते हैं तो कभी नाली खराब हो जाती है अभी कुछ ही दिन पहले हनुमान नगर में चेंबर टूट गया था।

# मेला क्षेत्र में कल्पवास कर रही वृद्धा की हृदय गति रुकने से मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अरैल मेला क्षेत्र में कल्पवास कर रही एक वृद्धा की शुक्रवार को हृदयगति रुकने से मौत हो गई। मेला क्षेत्र के अखिल भारतीय ब्रह्म सेवा समिति के पंडाल में तहसील बारा शंकरगढ़ के झंझरा चौबे गांव निवासी श्यामा देवी (70) कई वर्षों जूही गांव की पटेल बस्ती में रहती थीं। बीते चार जनवरी को कल्पवास करने के लिए आई थीं। वहां यहां पर अकेले ही कल्पवास कर रही थीं। शुक्रवार को पंडाल में आयोजित श्रीराम कथा में वह कथा का श्रवण कर रही थीं तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई।पहले उनको सीएचसी चाका ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही वृद्धा की मौत हो गई। समिति प्रबंधक बृजेश कुमार पांडेय ने बताया कि वह बीते बीस सालों से यहां पर कल्पवास कर रही थीं। वह यहां पर अकेली रहती थीं। परिवार के लोग व्यवस्था कराकर चले जाते थे और कल्पवास पूरा होने पर वह अपने घर चली जातीं थीं। परिजनों से संपर्क कर घटना की सूचना देने का प्रयास किया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र के थानापुर गांव के सामने प्रयागराज गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की रात सड़क पार करते समय एक वाहन ने युवक को टक्कर मार दिया। टक्कर होने पर आसपास के लोग भागकर मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर एंबुलेंस द्वारा युवक को सीएचसी बनी ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष थरवई लोकेंद्र त्रिपाठी के अनुसार मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### पूर्व विधायक विजय मिश्र के भतीजे का मकान कुर्क, मनीष पर दर्ज हैं दो दर्जन से अधिक मुकदमे



**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के खपटिहां गांव में पूर्व विधायक विजय मिश्र के भतीजे मनीष मिश्र का दो मंजिला मकान प्रशासन ने कुर्क कर लिया। जिसकी कीमत लगभग 7 करोड़ 30 लाख रुपये बताई गई है। प्रदेश सरकार की संगठित अपराध की रीढ़ पर प्रहार नीति के तहत भदोही पुलिस व प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई की गई है। एसडीएम भदोही के आदेश पर पूर्व विधायक विजय मिश्र के पैतृक गांव खपटिहां स्थित भतीजे मनीष मिश्र के मकान को मुनादी कराकर कुर्क किया। प्रशासन का कहना है कि अवैध तरीके से अर्जित धन द्वारा आबादी में यह मकान बनाया गया है।कार्रवाई के दौरान भदोही पुलिस के साथ स्थानीय पुलिस व राजस्व विभागकर्मी मौजूद रहे। भदोही के गोपीगंज थाने में मनीष मिश्र के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, एनएसए, गुंडा एक्ट, लूट, अपहरण समेत दो दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच रहा।

### भारतीय पत्रकार संघ की कोरांव तहसील इकाई का गठन

**श्यामा कांत त्रिपाठी तहसील अध्यक्ष तथा शिव शंकर मिश्र बने महामंत्री**



**कोरांव।** भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. उमेश चंद्र द्विवेदी की उपस्थिति में संघ की बैठक का आयोजन कोरांव तहसील परिसर में किया गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष द्विवेदी जी ने कहा कि सभी पत्रकार एवं पत्रकार संगठन एक दूसरे की बुराई करने से बचें तथा निष्पक्ष एवं सत्य परख समाचार संकलन करें साथ ही किसी भी परिस्थिति में निष्पक्ष पत्रकारिता के दौरान आई किसी समस्या के समाधान हेतु हमारा संगठन पत्रकारों के साथ खड़ा रहेगा वही संघ के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद त्रिपाठी ने संघ में अनुशासन बनाए रखने की बातों पर जोर देते हुए गैर अनुशासित सदस्य तथा पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से संघ से निष्कासित करने की बातें कहीं।संगठन की मजबूती एवं एकजुटता के दृष्टिगत वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद त्रिपाठी ने कोरांव तहसील इकाई के गठन के क्रम में वर्तमान अध्यक्ष एवं महामंत्री के कार्य दायित्वों की सराहना करते हुए उन्हें पुनः वर्तमान सत्र अध्यक्ष श्यामा कांत त्रिपाठी और महामंत्री शिव शंकर मिश्र को यथावत नियुक्त किया अंत में संघ के प्रदेश महामंत्री डॉक्टर शमीम शेख के वक्तव्य के उपरांत संघ के प्रदेश मंत्री कृष्णा कांत शुक्ल ने बैठक समापन की घोषणा की बैठक में संघ के पदाधिकारियों के अलावा पत्रकार अरुण कुमार द्विवेदी,लवकुश दुबे, मुकेश दुबे, शिव मोहन दुबे, सुखलाल विश्वकर्मा, मुकेश दुबे व आलोक मौर्या, हरीश चंद्र वर्मा व कई सदस्य व क्षेत्रीय पत्रकार गण मौजूद रहे।

### युवक को लाठी-डंडों से पीटकर छीने रुपए

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के बांध रोड पर गुरुवार शाम एक युवक को कुछ अज्ञात लोगों ने लाठी- डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित के अनुसार उसके पास मौजूद कुछ नकदी भी छीन लिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मारपीट व छिनैती की रिपोर्ट दर्ज की है। धूमनगंज का रहने वाला हेमंत पांडेय गुरुवार की शाम अपनी बाइक से पुराने पुल से बांध रोड की ओर जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में उसे कुछ युवकों ने रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार मारपीट करने वाले अज्ञात लोग थे। उसे लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। उसके पास मौजूद 12 सौ रुपए भी छीन लिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल का इलाज कराकर उसकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### जिला स्तरीय हैंडबॉल पुरुष महिला प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनी।** जिला हैंडबॉल संघ के तत्वाधान में दिनांक 14 व 15 जनवरी 2023 को अभिमन्यु शाखा पार्क नैनी प्रयागराज में जिला स्तरीय हैंडबॉल पुरुष/महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जनपद के विभिन्न टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी का प्रतिभाग होना है संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ 14 जनवरी 2023 को दोपहर 12:00 बजे किया जाएगा उक्त अवसर पर संघ के समस्त पदाधिकारी व सीनियर खिलाड़ी मौजूद रहे। इस मौके पर बद्री नाथ दीक्षित , योजराज मिश्रा, गोविंद निषाद, शेखर सिंह, के के चौबे,जगदीश सिंह , उमेश उपाधाय, आदि लोग।

## मंत्री चंद्रशेखर के खिलाफ मोनी बाबा ने झूसी थाने में दी तहरीर

**राम चरित मानस पर दिए गए विवादित बयान को लेकर साधु संत है नाराज**

**झूंसी।** बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर द्वारा राम चरित मानस पर दिए गए विवादित बयान पर साधु-संतो ने शिक्षा मंत्री चंद्र शेखर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रयागराज में संगम किनारे लगे माघ मेले में साधु-संतों ने बिहार के मुख्यमंत्री से मांग की है की शिक्षा मंत्री को बर्खास्त किया जाय। अखिल भारतीय हिंदू संरक्षण समिति के अध्यक्ष स्वामी अभय जी महाराज ह्यमौनी बाबा ने झूंसी थाने में मंत्री के खिलाफ तहरीर दी है।

**मौनी बाबा ने कहा ,हिंदुओं का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे :** बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्र शेखर द्वारा नालंदा विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह में दिए गए ह्यनफरत फैलाती है रामायणह्न के बयान के विरोध में मौनी बाबा ने झूंसी थाने में तहरीर दी है। तहरीर में उन्होंने कहा है कि बिहार के मंत्री चंद्रशेखर ने कहा है कि राम चरित मानस को जला दिया जाना चाहिए जो गरीबों का अपमान करती है। यह हिंदू धर्म के अनुयायियों का घोर अपमान है। यह बयान जातियों के बीच नफरत पैदा करने के लिए दिया गया है। सस्ती राजनीति का परिचायक है। इससे आपस में वैमनस्य और नफरत पैदा होगी। यह देश को जाति के आधार पर बांटने की साजिश है। इसकी संत समाज घोर निंदा करता है। बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के खिलाफ धर्म का अपमान करने और देश में अशांति फैलाने विवादित गयान पर मुकदमा लिखकर कार्यवाही की किए जाने की मांग की है।मौनी बाबा महाराज का कहना है कि मंत्री के कृत्य पर मुझे अपार कष्ट है। इसलिए हमने झूंसी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। उनके बयान से अगर समाज में किसी भी तरह की हिंसा होगी तो उसके जिम्मेदार खुद मंत्री होंगे। केवट को भगवान ने सखा बनाया, जटायु को गोद में लिया, शबरी के जूझे बेर खाए। ऐसे में रामायण में ऐसा कोई प्रसंग की नहीं आता जिसपर रामायण जलाया जाए। उसका किया जाए। ऐसे में मंत्री के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाए। झूंसी के एसओ का कहना है कि मंत्री के खिलाफ तहरीर मिली है। इसपर यहां एफआईआर दर्ज न कर इसे हम संबंधित थाने में भेज देंगे।

### ज्ञान युग दिवस के रूप मे मनाया गया महर्षि महेश योगी का जन्मोत्सव

**नैनी।** महर्षि विद्या मंदिर, नैनी में गुरुवार को महर्षि महेश योगी के 106 वें जन्म दिवस को ज्ञान युग दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ वैदिक परम्परा के अनुसार.गुरू पूजन से हुआ। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा चंदोला ने शिक्षकों के साथ गुरूपूजन के बाद प्राणायाम एवं भावतीत ध्यान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गुरू की महिमा का गुणगान करते हुए भजन प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या पूजा चन्दोला ने उपस्थित कहा कि ब्रह्मलीन महर्षि महेश योगी आज हमारे बीच में नहीं हैं, फिर भी उनका शुभाशीष हमारे साथ निरंतर रहता है। उन्होंने पूरे विश्व में अपने पूज्य गुरुदेव ब्रह्मानंद सरस्वती जी के दैवीय निर्देशन पर ज्ञान एवं शान्ति का प्रचार-प्रसार किया। जिसका लाभ पूरा विश्व उठा रहा है। इसीक्रम में महर्षि ने कहा महर्षि जैसे भारत में 10 संत महापुरुष हो जाएं तो हमारी भारतीय संस्कृति,सभ्यता व सनातन धर्म का पूरे विश्व में भारत का डंका बजेगा।

# संगम की रेती पर सवा लाख रुद्राक्ष महायज्ञ का श्रीगणेश

**माघी पूर्णिमा तक होगा रुद्राक्ष महायज्ञ**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगम की रेती पर खाक चौक में शुक्रवार को सवा लाख रुद्राक्ष महायज्ञ आरंभ हो गया। सविधि मंत्रोच्चार के साथ रुद्राक्ष की मालाओं और पंचमुखी रुद्राक्ष के मनकों से माघी पूर्णिमा तक भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा। राष्ट्र की उन्नति और विश्व शांति की कामना से शुरू हुए इस महायज्ञ में संतों-भक्तों की भीड़ देखते बन रही है।महावीर मार्ग पर खाक चौक के बंशीवट वृंदावन शिविर में रुद्राक्ष शिविलिंग की स्थापना की गई है। नेपाल से लाए गए रुद्राक्ष के मनकों की रेती पर बनी मालाओं से भगवान शिव के विग्रह का श्रृंगार किया गया है। सुबह शाम रुद्राक्ष से भगवान शिव का अभिषेक कर संत-भक्त धन्य हो रहे हैं। शिविर के व्यवस्थापक स्वामी बृजमोहन दास बंशी बाबा ने बताया कि माघी पूर्णिमा तक वृंदावन के भगवताचार्य श्यामबिहारी चतुवेर्दी की श्रीमद्



भागवतकथा भी होगी। सवा लाख रुद्राक्ष महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जिस पंचमुखी रुद्राक्ष से भगवान शिव का अभिषेक हो रहा है, उसकी खेप नेपाल से मंगाई गई है। संतों-भक्तों के हाथों शिविर परिसर में बनाई गई पंचमुखी रुद्राक्ष की माला से भगवान महादेव का अभिषेक किया जा रहा है। इस शिविर में प्रयाग महत्म्य सहित अन्य धार्मिक विषयों पर भी विस्तार से चर्चा होगी।सिद्ध पीठ बंशीवट के महामंडलेश्वर स्वामी जयरामदास महाराज ने बताया कि सवा लाख रूद्राक्ष माघ मेला स्थित शिविर में तीन दिन पहले ही पहुंच गया था। रुद्राक्ष से भगवान शिव का अभिषेक करने से सभी कष्ट खत्म हो जाते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। माघ मास में तीर्थराज प्रयागराज में भगवत भजन, गंगा स्नान, कीर्तन, सत्संग और दान करने से साक्षात मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# गैंगस्टर मामला : मुख्तार अंसारी को झटका, दो वर्ष पूर्व दर्ज केस में जमानत देने से किया इन्कार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट से बाहुबली मुख्तार अंसारी को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने मुख्तार अंसारी की जमानत अर्जी खारिज करते हुए उसे नामचीन तथा उत्तर भारत में राबिन हुड छबि वाला अपराधी बताया। कोर्ट ने याची के गैंग चार्ट तथा दर्ज आपराधिक मुकदमों को देखने के बाद कहा, अगर याची गैंगस्टर नहीं है तो देश में किसी को भी गैंगस्टर नहीं कहा जा सकता है।मुख्तार ने गैंगस्टर एक्ट की धारा तीन (एक) के तहत थाना तरवां, जिला आजमगढ़ में 2020 में दर्ज प्राथमिकी में जमानत की मांग की थी। याची केअधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने कोर्ट से जमानत अर्जी वापस लेने का अनुरोध किया, जिसे कोर्ट ने सही नहीं माना। कोर्ट ने मुख्तार की जमानत अर्जी को गुण-दोष के आधार पर खारिज कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह ने मुख्तार की जमानत अर्जी पर पारित किया।याची के अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने कहा, उसे इस जमानत अर्जी को वापस लेने को कहा गया है। इसलिए वह अर्जी वापस लेना चाहता है। परंतु कोर्ट ने इसे अनुचित माना और कहा, यह नहीं बताया गया कि याची भविष्य में दोबारा जमानत अर्जी दाखिल नहीं करेगा। लिहाजा, उसकी अर्जी वापस लेने की मांग को अस्वीकार किया जाता है।/कोर्ट ने कहा, याची गैंग का लीडर है। इसके खिलाफ 58 आपराधिक केस दर्ज हैं और डीएम ने गैंग चार्ट अनुमोदित किया है। लोग इसकेकिसी केस में भय से गवाही देने नहीं जाते। इसी की वजह से उसे किसी केस में सजा नहीं मिली। कोर्ट ने कहा, मुख्तार और उसकेगैंग के सदस्यों ने लोगों में डर और आतंक फैलाकर अकूत धन अर्जित किया है। उसका स्वतंत्र होना कानून का पालन करने वालों के लिए खतरा है। कोर्ट ने कहा, समाज में भय फैलाने के उद्देश्य से उसके गैंग के सदस्यों ने बिना भेदभाव अवैध स्वचालित हथियारों से गोली चलाई थी। यह फायरिंग गरीब कर्मकारों पर की गई थी। इसकी वजह से एक की मौत हो गई थी जबकि कई घायल हो गए थे।यह घटना समाज में आतंक व भय फैलाने के लिए की गई थी। ताकि, कोई भी उस क्षेत्र में सरकारी ठेका न ले सके। कोर्ट ने कहा, याची केआपराधिक इतिहास पर विचार करने पर पता चलता है कि अधिकतर मुकदमों में वह बरी है। उसका कारण है कि गवाह उसके डर तथा आतंक से या तो गवाह गवाही से मुकर जाते हैं या उन्हें खत्म कर दिया जाता है। इस आधार पर कोर्ट ने याची की जमानत खारिज कर दी।

### सीएम से विद्युत आउटसोर्स कर्मचारी मीटर रीडर कर्मचारियों ने की फरियाद

**करछना।** प्रयागराज बिंदुत आउटसोर्स कर्मचारियों ने विभागीय अधिकारियों के द्वारा किए जा रहे शोषण को लेकर मुख्यमंत्री से फरियाद करते हुए न्याय की मांग की पत्र के माध्यम से बताया गया की आप के पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के पूरे प्रयागराज मंडल में विद्युत मीटर रीडिंग का ठेका कंपनी मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलोजी एंड सर्विसेस का नवंबर 2021 से है। इसके यहां लगभग 1550+ मीटर रीडर कर्मचारी कार्य कर रहे है और अभी तक इसने किसी भी कर्मचारी का भविष्य निधि में पैसा नहीं जमा किया है, विभाग के उच्च अधिकारियों के मिली भगत से इनका बिल पास होता है जो की किसी कर्मचारी का ईपीएफ और ईएसआईसी का भुगतान किए बिना। कर्मचारियों की स्थिति बहुत आर्थिक और मानसिक खराब हैं, कर्मचारियों ने सीएम से जल्द न्याय दिलाने की अपील की है।

# अरैल में निकला 15 फिट का अजगर, हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र में अरैल बांध रोड पर गुरुवार की सुबह 15 फिट का अजगर दिखाई देने से हड़कंप मच गया। अजगर बांध रोड के बीचोंबीच का आकर बैठ गया। माघ मेले में आने-जाने वाले स्नानार्थी भयभीत रहे। अजगर के बीच सड़क पर आने से दोनों को जाम लग गया। राहगीर अपने मोबाइल से उसकी फोटो खींचने लगे। इस बीच किसी ने वन विभाग को इसकी सूचना दे दी। लगभग आधे घंटे के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी अजगर का रेस्क्यू कर उसे अपने साथ ले गए और सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।



## राजापुर में श्रीराम कथा सुनने को भक्तों की उमड़ रही भीड़

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर के राजापुर बाजार मे हो रही सामूहिक श्रीराम कथा को सुनने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। कथा के पांचवे दिन अयोध्या धाम से पधारे कथाव्यास कृष्णानंद शास्त्री गर्ग ने कथा प्रसंग में कहा कि धर्म की ही सदैव जीत होती है। जब जब धरती पर साधु सन्तों, धार्मिक लोगों पर अधर्म का घोर संकट होता है तो भगवान् मानव रूप में अवतार लेकर अधर्म का नाश कर धर्म की पुर्नस्थापना करते है। कथा व्यास ने कहा कि सतयुग त्रेता व द्वापर युगों में मानव रूप में जन्म लेकर नारायण ने लोगों को कष्टो से उबारा है और धर्म की पताका को फिर से स्थापित किया है। इस मौके पर अरविंद उपाध्याय, दयाराम मिश्र, प्रधान भइयाराम, डा. अम्बुज मिश्र, आनंद प्रकाश, जयप्रकाश, विनय गुप्ता राहुल, नटवर लाल सोनी, नीरज, मोनू, राजेश सिंह आदि ने कथाश्रवण किया।

# खेलेगा युवा तो बढ़ेगा हमारा इंडियाः सांसद

### दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन नेहरू युवा केंद्र प्रतापगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में खेल मैदान मदाफरपुर में किया गया। इस दौरान सांसद संगम लाल गुप्ता एवं ब्लॉक प्रमुख राजीव प्रताप सिंह ने स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद व ब्लॉक प्रमुख के द्वारा युवाओं की मांग पर खेल मैदान में हाई मास्ट के साथ आधुनिक सुविधाएं देने कि घोषणा की। इस दौरान सांसद ने कहा कि खेल आपसी सौहार्द बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं के समग्र विकास



विजेता खिलाड़ी को प्रमाण पत्र देते सांसद संगम लाल गुप्ता।

का कारक है। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख राजीव प्रताप सिंह ने कहा कि युवाओं को मोबाइल के खेलो से बाहर निकलकर मैदान में अपना दम दिखाना होगा। नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने कहा कि युवाओं में असीम ऊर्जा होती है खेलों का आयोजन कर युवाओं की ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग समाज को सुदृढ़ सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत ग्राम प्रधान मदाफरपुर विपिन जायसवाल सोनू ने किया। उक्त कार्यक्रम का संचालन शेर बहादुर सरोज ने किया और कहा कि नेहरू युवा केंद्र के द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेल के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को प्रदेश स्तर पर भेजने में अहम भूमिका होती है। उक्त कार्यक्रम में वालीवाल, कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद जैसे खेलों का आयोजन किया गया है। इस दौरान जिला परियोजना अधिकारी शिवम यादव, नेहरू युवा केंद्र के राज्य प्रशिक्षक विश्वजीत प्रताप सिंह, डॉक्टर शिव प्रताप सिंह प्रोफेसर पी जी. कॉलेज, श्याम नारायण पटेल, तेग बहादुर खान, मनोज यादव, नेहरू युवा मंडल समिति अतरसंड के युवाओं और अन्य युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बालक वर्ग प्रथम, 200 मीटर प्रभात सरोज, दूसरा मनजीत कुमार,तीसरा पंकज सरोज, बालिका वर्ग प्रथम 100 मीटर रोशनी सरोज,दूसरा अंशू, तीसरा रागनी सरोज, बालीबाल विजेता बाबा क्लब उप विजेता मंगापुर रही। सभी विजई प्रतिभागियों का सांसद और ब्लॉक प्रमुख के द्वारा शील्ड, प्रतीक चिन्ह, व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



डीएम कार्यालय में ज्ञापन देते रुलर्स बार एसोसिएशन के अधिवक्तागण।

## एसडीएम के स्थानांतरण के लिये अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आल इण्डिया रुलर्स बार एसोसिएषन प्रतापगढ़ ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि तहसील लालगं के एसडीएम का स्थानांतरण किया जाए। अधिवक्ताओं ने कहा कि लालगंज के उपजिलाधिकारी के तानाशाह रवैये और दुर्व्यवहार से तहसील लालगंज के अधिवक्ता उनकी कार्यषैली को लेकर स्थानांतरण की मांग को लेकर धरना प्रदर्षन कर रहे हैं। अधिवक्ताओं ने कहा कि लालगंज के अधिवक्ताओ के साथ आल इण्डिया रुलर्स बार एसोसिएषन प्रतापगढ़ के अधिवक्ता भी इस आंदोलन में साथ होकर स्थानांतरण होने तक बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में अंजनी सिंह, मनोज कुमार, दिवाकर सिंह, आरिफ सिद्दीकी, सद्दाम अली, राजेश कुमार, सुरेन्द्र सिंह, सुषील प्रताप सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## जेडीयू के अध्यक्ष शरद यादव के निधन पर प्रमोद तिवारी व मोना ने जतायी गहरी संवेदना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य व स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी व उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा जेडीयू के अध्यक्ष शरद यादव के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना जताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। नेताद्वय ने मृतक आत्मा को चिर शांति प्रदान करने को ईश्वर से प्रार्थना की है। नेताद्वय ने कहा कि ईश्वर पूर्व केन्द्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर उनके परिजनों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। नेताद्वय ने कहा कि जेडीयू अध्यक्ष स्व. शरद यादव ने केन्द्रीय मंत्री के रूप में अपनी ईमानदारी और कर्मठता से पूरे देश में पहचान बनायी है। स्वर्गीय शरद यादव समाजवादी आंदोलन के पुरोधा थे। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व बिहार समेत तीन राज्यों से लोक सभा का सदस्य बनने का उनका अदभुत कीर्तिमान भी रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि मेरे पिछले राज्यसभा के कार्यकाल के दौरान मुझे शरद यादव के नजदीक आने का मौका मिला था। मैं उनकी बेबाकी शैली से बहुत प्रभावित हुआ था। शरद यादव के निधन से शोषित वंचितो व गरीब तथा पिछले तबके के लोगों की आवाज सदा के लिए खामोश हो गयी है। उनका आकस्मिक निधन पीडादायक हैं।

### आज और कल बद रही विद्युत आपूर्ति

**परियावां, प्रतापगढ़।** विद्युत उपखण्ड अधिकारी मानिकपुर राहुल वैश्य के अनुसार विद्युत उपकेंद्र मानिकपुर, चैकापार व कालाकांकर की 14 व 15 जनवरी को दिन में मिलने वाली आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक 33 हजार केवी लाइन पर पड़ी डालिया की छटाई व कटाई के चलते अनुरक्षण कार्य किया जाएगा। यह जानकारी जेई ओसामा सिद्किी ने दी है।

### आज आयेंगे सांसद प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी आज शनिवार को विधानसभा क्षेत्र रामपुर खास एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी दिन मे साढे ग्यारह बजे उदयपुर के मुस्तफाबाद पटेलननगर पहुंचकर क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी राहाटीकर, आमीशंकरपुर, सांगीपुर, शुकुलपुर में भी पहुंचकर लोगों का जानेंगे। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी दिन मे दो बजे बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचकर दर्शनपूजन करेगें। इसके बाद लालगंज में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# दो-दो करोड़ रुपये से दो तालाबों का होगा शुद्धीकरण व सौन्दर्यीकरण

### अमृत सरोवर योजना में ग्रीन बेल्ट बनाने की योजनाः ईओ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्र देवकली में व्यायाम शाला के पास बने दो तालाबों को अमृत सरोवर योजना में शामिल कर इन दोनों तालाबों के जल का शुद्धीकरण व सौन्दर्यीकरण करने के लिये दो-दो करोड़ रुपये का डीपीआर भेजा जा रहा है।

आज शुक्रवार को नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल व अवर अभियंता सिविल आषीष जायसवाल ने देवकली के दोनों तालाबों का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद बताया कि देवकली क्षेत्र में उक्त दोनों तालाबों का कायाकल्प करने की योजना है।

तालाबों के गंदे पानी का शुद्धीकरण कर वहां ग्रीन बेल्ट के रुप में विकसित किया जाएगा। तालाब के चारों तरफ बैठने का

## सियाराम कालोनी में इंटरलाकिंग सड़क का उद्घाटन कल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका अपने विस्तारित क्षेत्रों के विकास के क्रम में सियाराम कालोनी में हैप्पी टाइम स्कूल से 150 मीटर पष्चिम तक बनी इंटरलाकिंग सड़क व दोनों तरफ नाली का उद्घाटन 15 जनवरी को अपरान्ह दो बजे नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व पूर्व अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह करेंगे। यह जानकारी नगर पालिका के सूत्रों ने दी है।



जिलाधिकारी आवास पर ज्ञापन देते ग्रामीण।

## आवारा पशुओं की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** ग्रामसभा पूरे नरायनदास, भैंसना, शाहबरी के किसानों के साथ छुट्टा आवारा पशुओं की समस्या को लेकर गांववालों ने जिला अधिकारी आवास पर ज्ञापन दिया और मांग किया कि ग्राम पूरे नरायनदास प्राथमिक विद्यालय परिसर में बंद पशुओं को सरकारी गौशाला में भेजवाया जाय और भैंसना न्याय पंचायत में एक बृहद गौशाला का तत्काल बनवाया जाय व बीडीओ सांगीपुर द्वारा हम सभी किसानों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने के लिए थाना सांगीपुर में प्रार्थना पत्र वापस लिया जाए। इस दौरान जिला अधिकारी कार्यालय द्वारा आश्वासन दिया गया कि सभी मांगों को मानते हुए त्वरित कार्रवाई होगी।

## मनरेगा कर्मियों की स्थायीकरण को लेकर निकली पद यात्रा पहुंची आलापुर, मनरेगा कर्मचारियों ने किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** देश के लगभग चार लाख मनरेगा कर्मी 16 वर्षो से संविदा पर कर रहे कार्य को लेकर अखिल भारतीय मनरेगा कर्मचारी महा संघ की पैदल पद यात्रा परशुराम शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार की सुबह आलापुर पहुँची जहाँ ब्लाक कालाकांकर के मनरेगा कर्मचारियों जुनैद आलम, रविशंकर साहू, लक्ष्मी शंकर शायरा बानो, सरफराज अहमद, अनुभा पाण्डेय, श्रीकृष्ण मिश्र, एपीओ जितेंद्र कुमार, टीए सुनील सिंह, सीओ शिवबहादुर ने फूल मालाओं से स्वागत किया।



आलापुर पहुंची पद यात्रा का स्वागत करते मनरेगा कर्मी।

परशुराम शर्मा ने बताया कि देश के लगभग चार लाख मनरेगा कर्मचारी 16 वर्षो से संविदा पर कार्य कर रहे है जिनकी स्थायीकरण के लिए वाराणसी से 9 जनवरी 23 की सुबह पद यात्रा निकाली गई है जो 1 फरवरी 23 को प्रधानमंत्री कार्यालय दिल्ली पहुचकर मनरेगा एक्ट मे संशोधन व स्थायीकरण को लेकर अपना ज्ञापन सौपेंगे। मनरेगा कर्मियों का स्थायीकरण न होने से उनका व परिवार का भविष्य अधर में पड़ा हुआ है। पद यात्रा में स्वागत के दौरान लोगो की भारी भीड़ लगीं रही।

## बंगाल में शहीद हुआ बेल्हा का लाल, शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के ग्राम बड़नपुर निवासी बीएसएफ पद पर तैनात एएसआई शिवबहादुर सिंह बंगाल बॉर्डर पर शहीद हो गए। उनके शहीद होने की सूचना पर घरवालों का रो रो कर बुरा हाल था। शहीद षिव बहादुर सिंह का पार्थिव शरीर जैसे ही घर पहुंचा, गांव के लोगों की भीड़ जमा गई है। शहीद के शव का अंतिम संस्कार शनिवार की सुबह 8.30 बजे ग्राम बड़नपुर की बाग में होगा। यह जानकारी उनके रिष्तेदारों द्वारा दी गई। गांव के छोटे-बडे. सभी देष के इस लाल को श्रद्धांजलि देने के लिये बारी-बारी से उनके घर पहुंच रहे हैं। वहां एकत्र लोगों की आंखें नम थीं। लोगों ने कहा है कि ऐसे ही देषभक्तों पर हमें नाज है जिसने इस क्षेत्र को गौरवान्वित किया।



शिव बहादुर सिंह (फाइल फोटो)

## सांड़ की टक्कर से बाइक सवार घायल

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश की योगी सरकार के कड़े निर्देश के बाबजूद भी गावो व राजमार्गो पर आवारा पशुओं की भरमार है कही किसानों की तैयार की गई फसल को चैपट कर रहे है तो कही राहगीरों को टक्कर मार कर घायल कर रहे है। मानिकपुर थाना क्षेत्र के कमंडी चक चैराहा रेवली मोड़ पर शुक्रवार की सुबह ददन पाण्डेय (45) वर्षीय निवासी गौरीगंज रायबरेली को आवारा घूम रहे सांड ने बाइक चलाते समय टक्कर मार दिया जिससे गम्भीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे पड़े रहे रास्ते से गुजर रहे ग्राम प्रधान ने एम्बुलेंस बुलाकर सीएचसी कालाकांकर भेजा जहाँ चिकित्सको ने हेड इंजरी होने के कारण रायबरेली रिफर कर दिया जहाँ परिजन लोग पहुच गए।

# तमंचे के बल पर लूटे नकदी व मोबाइल

### ग्रामीणों ने पीछा कर बदमाशो को दबोचा, किया पुलिस के हवाले

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के भटनी स्थित अपने गांव के पास शुक्रवार को मोबाइल पर बात कर रहे युवक को तमंचा सटाकर बदमाशो ने पांच हजार की नकदी व मोबाइल छीनकर भाग निकले। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पीछा करके एक बदमाश को बाइक समेत धर दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

लालगंज कोतवाली के भटनी निवासी अभय सोनी पुत्र राजेन्द्र सोनी शुक्रवार की सुबह करीब साढे नौ बजे अपने घर के समीप स्थित एक पुल पर बैठकर किसी से मोबाइल फोन पर बात कर रहा था।

आरोप है कि इसी बीच एक बाइक पर तमंचा लहराते तीन बदमाश वहां पहुंचे और युवक के कनपटी पर तमंचा सटा दिया। बदमाश युवक के जेब मे रखा पांच हजार रुपए की नकदी व मोबाइल फोन छीन लिया। बदमाश पीडित को कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। पीडित के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने पीछा करके बदमाशो को बसंतगंज गोविंदपुर के पास घेर कर पकड़ लिया। लेकिन दो बदमाश भागने मे कामयाब रहे। ग्रामीणों ने एक बदमाश को बाइक समेत पकडकर पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज निकेत भारद्वाज का कहना है कि युवक से छिनैती की घटना की जानकारी है। गिरफ्तार किये गये बदमाश से पूछताछ की जा रही है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## आग से हजारों की नकदी व सामान जलकर राख

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उधर रायबरेली जिले के सलोन कोतवाली अंर्तगत चैदहा निवासी मुन्ना चैरसिया लालगंज के उमरपुर चैराहे पर लोहे का व्यवसाय किया करता है। वह उसी दुकान में कोल्ड ड्रिंक्स व चायपान का कारोबार भी करता है। आरोप है कि बीते गुरूवार की रात अज्ञात चोर चोरी की नीयत से गैस कटर से शटर का ताला काट रहे थे। इसी बीच गैस कटर से आग लग गयी। दुकान से धुंआ उठता देख आसपास के लोग वहां पर पहुंचे तो दुकान मे लगी आग को देख आवाक रह गये। लोगों ने किसी तरह आग बुझायी और पीडित को सूचना दिया। पीडित के अनुसार आग लगने से दुकान मे रखी हजारों की नकदी व सामान जलकर राख हो गये।

## भूमिधरी जमीन पर जबरन कब्जे की शिकायत जिलाधिकारी से

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आरोपियों द्वारा भूमिधरी जमीन पर जबरन कब्जा किए जाने की शिकायत पीड़ित ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ को किया है। प्रतापगढ़ जिलाधिकारी ने इस संबंध में उप जिलाधिकारी पट्टी को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। लेकिन किसी भी प्रकार की कार्यवाही ना होने से पीड़ित परेशान हैं। पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत पूरा गांव के रहने वाले मोहम्मद इकबाल, जमील अहमद और अकरम ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा उनकी गाटा संख्या 1066 पर कब्जा किया जा रहा है। पीड़ित ने इस संबंध में जब आरोपियों को रोकने की कोशिश करता है तो आरोपी फौजदारी तथा मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। पीड़ित ने इस संबंध में जिला अधिकारी प्रतापगढ़ को शिकायती पत्र दिया तो जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी पट्टी को इस संबंध में कार्रवाई का निर्देश दिया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई न होने से पीड़ित परेशान है।

## रंजिश में पड़ोसी आरोपी ने कुल्हाड़ी लेकर युवक को दौड़ाया

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश के कारण पड़ोसी युवक कुल्हाड़ी लेकर युवक को दौड़ा लिया पीड़ित घर में घुसकर किसी तरह अपनी जान बचाई। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव के रहने वाले जयप्रकाश विश्वकर्मा पुत्र राम शिरोमणि ने बताया कि उसके पड़ोसी दबंग व सरहंग किस्म के हैं। वह अपना ट्रैक्टर लेकर खेत में जा रहे थे तभी घात लगाकर बैठे पड़ोसी आरोपी युवक ने कुल्हाड़ी लेकर दौड़ा लिया। पीड़ित ट्रैक्टर से कूदकर भागा तो युवक ने कुल्हाड़ी लेकर जान से मारने के लिए दौड़ा लिया।

पीड़ित ने किसी तरह अपनी जान बचाई और डायल 112 पुलिस को फोन किया तो मौके पर पुलिस पहुंची तो आरोपी युवक वहां से भाग निकला। पीड़ित ने बताया कि आरोपी युवक का आपराधिक इतिहास है वह कभी भी कोई बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। इस संबंध में पीड़ित ने नामजद तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बनारस रूट के लिए पैसेंजर ट्रेन न होने से यात्री परेशान

### कड़ाके की ठंड में वीपी ट्रेन पकड़ने आए यात्री लौटे निराश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बनारस रूट पर चलने वाली दोनों वीपी और वीएल पैसेंजरों को कैंसिल किए जाने से डेली मुसाफिरों के सामने दिक्कत आ गई है। कड़ाके की ठंड में सुबह बनारस जाने के लिए यात्री वीपी पकड़ने गए तो पता चला कि कैंसिल है। इससे यात्रियों को निराश होकर लौटना पड़ा। उनका आरोप है कि कम से कम वीपी ट्रेन को तो नहीं बंद करना था। इससे यह जाहिर होता है कि रेल प्रशासन को उनकी कोई चिंता नहीं है। यात्रियों ने ट्रेन के संचालन की मांग की है।

बता दें कि प्रतापगढ़ से दो पैसेंजर ट्रेन वीपी और वीएल डेली बनारस के लिए चलती है। इससे यात्रियों को काफी सहूलियत मिलती है। रेलवे ने दोनो को 28 फरवरी तक डेढ़ महीने के लिए रद्द कर दिया है। इससे इन ट्रेनों के सहारे बनारस तक का सफर करने वाले सैकड़ों यात्रियों के सामने बड़ी समस्या आ गई है। क्योंकि इनके अलावा और कोई पैसेंजर ट्रेन की सुविधा रेल प्रशासन ने नहीं दी है।

बनारस में नौकरी कर रहे भीम सिंह का कहना है कि वीपी पैसेंजर उन जैसे डेली जाने वाले सैकड़ों यात्रियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। बिजनेस मैन रवि प्रकाश का कहना है कि ट्रेन छोटे बड़े सभी स्टेशन पर रुकती थी। इसका लाभ बहुतों को मिलता है।

### मुसाफिरों की समस्या से रेल प्रशासन का कोई लेना देना नहीं

इस बारे में एसएस का कहना है कि ये फैसला रेलवे बोर्ड का है। वे कुछ कर भी नहीं सकते हैं।

## ब्लाक कालाकांकर के परियावां पँचायत भवन में लगी ग्राम चौपाल

**परियावां, प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार व प्रदेश की योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रो में गाँव की छोटी छोटी समस्याओं से परेशान ग्रामीणों की त्वरित निस्तारण के लिए ग्राम स्तर पर ग्राम चैपाल लगाने का निर्देश जारी किया।

## खबर संक्षेप

### निरोधात्मक कार्यवाही में 06 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** में अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना संदीपन घाट से चार थाना चरवा से एक थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से एक कुल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सुरेश सरोज पुत्र किशन लाल निवासी तरसौरा थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 127 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन का चालान कर 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

## बर्तन की फेरी करने वाले युवक ने किया 8 साल की बच्ची का अपहरण

### ग्रामीणों ने बच्ची को बरामद कर आरोपी की पिटाई के बाद पुलिस को सौंपा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के सांदीपन घाट थाना क्षेत्र में बर्तन की फेरी करने वाले एक युवक ने आठ साल की मासूम बच्ची का अपहरण कर लिए जाने के बाद हड़कंप मच गया मामले की जानकारी ग्रामीणों को लगी ग्रामीणों ने बच्ची की खोजबीन शुरू कर दी खोजबीन के दौरान मालूम चला कि बर्तन की फेरी करने वाले युवक ने आठ वर्षीय मासूम बच्ची का अपहरण किया है अपहरण कर भाग रहे युवक को गांव के ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी अपहरणकर्ता की पिटाई के बाद बच्ची को ग्रामीणों ने सकुशल बरामद कर लिया है अपहरणकर्ता को ग्रामीणों ने पिटाई कर पुलिस के हवाले कर



दिया परिजन के तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। घटनाक्रम के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव की 8 साल की बच्ची घर के बाहर खेल रही थी जहा बर्तन की फेरी करने के लिए कानपुर नगर का धर्मेंद्र पटेल गांव आया हुआ था,अचानक धर्मेंद्र आठ साल की मासूम बच्ची को लेकर भागने लगा,मासूम के गायब होने से गांव में हड़कंप मच गया,ग्रामीण खोजबीन में जुटे तो बर्तन की फेरी करने वाले युवक के पास बच्ची को देखा तो उन्होंने उसको पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाना प्रभारी को दी,सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और लिखापढ़ी कर जेल भेज दिया।

## ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के धुमाई रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गयी है। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है और युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक सोहनलाल उम्र तकरीबन 22 वर्ष पुत्र राम औतार निवासी मुराइन का पुरवा मजरे ग्राम सभा धुमाई मकर संक्रांति के एक दिन पहले आज सुबह अपने बहन को खिचड़ी देने उसकी ससुराल जा रहा था जैसे ही वह धुमाई रेलवे क्रासिंग और अट्सराय रेलवे स्टेशन के बीच पावर हाउस के पास रेल लाइन पार करने लगा युवक ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गयी है। वहीं ग्रामीण चचाओं पर जाएं तो युवक पारिवारिक कलह से जूझ रहा था उसका अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था युवक डिप्रेशन में रहता था खैर जो भी हो युवक की मौत की सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है वहीं परिजनों में कोहराम मचा है युवक खेती किसानी के साथ देश परदेश कमाने भी जाता था।

## कस्तूरबा गांधी कन्या इं. का. भरवारी का बैंक खाता का संचालन एक साल से बंद

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के भरवारी स्थित कस्तूरबा गांधी कन्या इंटर कालेज का बैंक खाता का संचालन एक साल पहले जिला विद्यालय निरिक्षक द्वारा बंद कर दिया गया था,कालेज का खाता संचालन बंद होने से कालेज के विकास कार्य के साथ ड्र साथ अन्य कार्य भी प्रभावित हो रहे है। खाता संचालन शुरू करने के लिए कालेज प्रशासन ने कई बार विभाग को पत्र भी लिखा है पर विभाग द्वारा कोई भी प्रक्रिया नही की गई। भरवारी के कस्तूरबा गांधी कन्या इंटर कालेज की प्रधानाचार्या के अनुसार बीते मार्च 2022 से जिला विद्यालय निरिक्षक द्वारा वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाकर विद्यालय का खाता बंद कर दिया गया है। ऐसे में कालेज का विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। प्रधानाचार्या के अनुसार जिस वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाकर जिला विद्यालय निरिक्षक द्वारा विद्यालय का खाता बंद किया गया है। उसका निस्तारण भी बीते 8 नवम्बर 2022 को हो चुका है। वित्तीय अनियमितताओं के निस्तारण के बाद भी बीते 10 महीनों से विद्यालय का खाता रिलीज नही किया गया। कालेज के प्रबंधक पितम्बर लाल व प्रधानाचार्या नीलम ने ज्वाइंट लेटर भेजकर जिला विद्यालय निरिक्षक से विद्यालय का खाता पुनः चालू कराने के लिए आग्रह किया लेकिन विभाग द्वारा कोई सुनवाई नही की गयी। 7 जनवरी 2023 को भी विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम द्वारा विभाग को पुनः रिमाइंडर लेटर भेजा गया लेकिन विद्यालय का खाता नही शुरू हुआ। ऐसे में प्रधानाचार्या का कहना है की आने वाले कुछ दिनों बाद प्रीबोर्ड और यूपी बोर्ड की परीक्षा है और साथ ही विद्यालय में इस्तेमाल होने वाली? स्टेशनरी आदि का समान भी खरीदना है जिसमे समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

## एक रात में 4 घरों से लाखों के जेवर नगदी उठा ले गए चोर

### मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी नारा में बेखौफ चोरों ने दिया घटना को अंजाम

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी नारा अंतर्गत खैरात अली चक गांव में शुक्रवार की रात्रि चोरो ने जमकर उत्पात मचाया है घूम घूम कर चोरों ने चार घरों को निशाना बनाया है और 4 घरों से लाखों रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवर और नकदी रुपए उठा ले गए हैं मामले की सूचना पीड़ित परिजनों ने थाना पुलिस को दिया है खबर लिखे जाने तक 4 घरों में एक साथ चोरी की घटना के खुलासे में पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है।

घटनाक्रम के मुताबिक पुलिस चौकी नारा के अंतर्गत खैरात अली चक गांव में शुक्रवार की रात्रि चोरों ने अशोक कुमार सिंह के घर को पहले निशाना बनाया ताला तोड़कर घर में घुसे चोर 70 हजार रुपए नगद सोने की दो जंजीर सोने के दो झूमक मंगलसूत्र चैन पट्टी सहित 3 लाख रुपए कीमत से अधिक के जेवरात चोरी कर लिए हैं इसके बाद चोर इसी गांव की रानी देवी पत्नी चंद्रशेखर के घर पहुंचे



चोरी के बाद जांच पड़ताल करती पुलिस



लाखों के जेवर नगदी चले जाने के बाद परेशान परिजन

और उसके घर से सोने का बाला सोने की जंजीर मंगलसूत्र बिछुआ और 10 हजार रुपए नगद उठा ले गए हैं इसके बाद चोर गिरोह के सदस्यों ने संजय कुमार पुत्र जागेश्वर और जितेंद्र सिंह पुत्र नाथू सिंह के घर को भी निशाना बनाया है और इनके घरों से भी नगदी जेवर चोर उठा ले गए हैं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन परेशान हो गए हैं मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है खबर लिखे जाने तक पुलिस घटना के खुलासे में किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है।

### बोलेरो गाड़ी से बकरी चोरी करने वाले चोर सक्रिय

**कौशाम्बी।** इन दिनों बोलेरो गाड़ी से बकरी चोरी करने वाले चोर सक्रिय हैं और मौका मिलते ही मजदूर किसानों की बकरी को बोलेरो में लेकर फरार हो जाते हैं बीते 15 दिनों के बीच बकरी चोरी की कई घटनाओं को बोलेरो सवार लोगों ने अंजाम दिया है किसी मामले का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है बीती रात फिर पिपरी थाना क्षेत्र के तलरी गांव में बुलाकी लाल पासी के घर बोलेरो सवार बकरी चोर गैंग के सदस्य पहुंचे और बुलाकी पासी का एक बड़ा बकरा कीमत लगभग 30 हजार रुपए और 2 बकरी कीमत लगभग 20 हजार रुपए बोलेरो में भरकर फरार हो गए हैं बकरी बकरा सहित 3 जानवर चोरी होने की जानकारी जैसे ही परिजनों को लगी वह परेशान हो उठे हैं खोजबीन के बाद मालूम हुआ कि बकरी चोर बोलेरो से आए थे और बोलेरो में बकरी भर कर चले गए हैं मामले की सूचना पीड़ित परिवार ने स्थानीय पुलिस को दी है इसके पहले भी इलाके में बकरी चोरी की कई घटनाओं को बोलेरो सवार लोगों ने अंजाम दिया है बोलेरो सवार लोगों को चिन्हित कर घटना पर रोक लगाए जाने की जरूरत है वरना गरीब किसानों मजदूरों के सामने दिक्कतें खड़ी होती रहेंगी।

## मकर संक्रांति के पर्व पर प्रभास गिरी पर लगता है विशाल मेला

### पड़ोसी जनपद चित्रकूट प्रतापगढ़ फतेहपुर प्रयागराज आदि जनपद के लाखों लोग प्रभास गिरि में लगने वाले मेला को देखने पहुंचते हैं

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के दक्षिणी छोर में यमुना नदी के किनारे स्थित पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रभास गिरी पर्वत में मकर संक्रांति के दिन विशाल मेले का आयोजन सैकड़ों वर्षों से हो रहा है परंपरागत इस मेले के आयोजन में लाखों ग्रामीण मेला देखने पहुंचते हैं प्रशासन ने मेले की तैयारी पूरी कर ली है सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को लगने वाले मेले में दूर-दूर के व्यापारी अपनी दुकानें लगाते हैं खाने-पीने से लेकर झूले और मनोरंजन के साधन मेले में पहुंचते है जिले के पड़ोसी जनपद चित्रकूट प्रतापगढ़ फतेहपुर प्रयागराज आदि जनपद के लाखों लोग प्रभास गिरि में लगने वाले मेला को देखने पहुंचते हैं मेला में सुप्रसिद्ध लाठी चकरी जात लोणवा खाने-पीने सिंगार सामग्री आदि की दुकानें लगाई जाती है जहां हजारो महिलाएं पुरुष खरीदारी करते है प्रभास गिरी पर्वत पर लगने वाले कौशांबी जिले का यह मेला ऐतिहासिक है।मकर संक्रांति के महत्व को इस प्रकार भी समझा जा सकता है कि पितामह भीष्म ने अपने



प्रभास गिरि पर्वत

प्राण त्यागने के लिए मकर संक्रांति के दिन को चुना था। पश्चिम शरीरा इस्पेक्टर रमेश पटेल का कहना है कि मेले में किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए उसके लिए लगातार पुलिस बल के साथ वह मेला क्षेत्र में पैदल गस्त कर रहे है। प्रभास गिरी में लगने वाले मेले की शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने मेला क्षेत्र में पुलिस बल को जोन में बाटा है इस्पेक्टर रमेश पटेल का कहना है कि मेले में अव्यवस्था फैलाने वाले के ऊपर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## ब्लैक फिल्म चढ़ी कस्बे में घूम रही लग्जरी कार पुलिस अनजान !

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में इन दिनों काली फिल्म लगाएं संदिग्ध लग्जरी वाहन सड़कों पर खड़ी कर दिए जाते हैं और गाड़ी लावारिस हालत में छोड़कर गाड़ी मालिक फरार हो जाते हैं आखिर काली फिल्म चढ़ी इन गाड़ियों को लावारिस हालत में सड़कों पर छोड़कर मालिक घंटों फरार होकर क्या करते हैं आखिर काली फिल्म चढ़ी गाड़ियों के भीतर कौन से काले कारनामे हो रहे हैं यह तमाम बातें लोगों के जेहन में कौंध रही हैं लेकिन संदिग्ध तरीके से काली फिल्म चढ़ाएं वाहनों के सड़कों पर घंटों खड़े रहने से पुलिस अनजान बनी है सड़कों पर वाहन खड़े होने से दुर्घटना की भी संभावना बराबर बनी रहती है सड़कों पर अवैध तरीके से खड़े होने वाले संदिग्ध वाहन पर पुलिस अभी तक कार्यवाही नहीं कर सकी है। भरवारी कस्बे के व्यापारी भी संदिग्ध वाहनों के दुकानों के सामने खड़े होने से बेहद परेशान हैं व्यापारियों का कहना है कि काली फिल्म चढ़े वाहनों के अंदर कौन से अपराध की गतिविधियां पनप रही है इसकी भी जानकारी नहीं हो पाती है जबकि सरकार ने वाहनों में काली फिल्म चढ़ाए जाने पर पूर्ण रोक लगाई है लेकिन उसके बाद भी इन दिनों भरवारी कस्बा क्षेत्र में इलाके के कुछ आवारा किस्म के लोगों के वाहनों में काली फिल्म चढ़ा कर वाहनों को सड़कों पर बेमतलब के पूरे दिन इधर-उधर खड़ा कर दिया जाता है मेहता रोड के पावर हाउस और उसके आसपास कई

### दुकान के सामने सड़क पर घंटों गाड़ी खड़ी कर गाड़ी मालिक हो जाते हैं फरार किसी अनहोनी को लेकर व्यापारी हैं परेशान



कई घंटे तक सड़कों पर खड़े रहने वाली काली फिल्म चढ़ी एक लग्जरी कार इन दिनों चर्चा में है कस्बे के व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कस्बे में घूमने वाले संदिग्ध वाहनों की जांच कराए जाने और इन पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## अयोध्यावासी वैश्य समाज ने भरवारी में धूमधाम से मनाई महाराजा मणि कुंडल की जयंती

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अयोध्यावासी वैश्य महासभा के तत्वावधान में अयोध्यावासी वैश्य समाज ने भरवारी कस्बे में धूमधाम से समाज के आदिपुरुष एवम पूज्यनीय महाराजा मणि कुंडल की जयंती धूमधाम से मनाई,इस दौरान महासभा के राष्ट्रीय मंत्री कृष्ण चंद्र वैश्य ने महासभा का कौशाम्बी जनपद के पदाधिकारियों का चयन किया और उन्हे पद वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाराजा मणि कुंडल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि एवम संरक्षक समाजसेवी शीतला प्रसाद कौशल द्वारा किया गया। तत्पश्चात सभी लोगो ने मिल कर महाराजा मणि कुंडल जी की आरती की एवं प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर समाज के चुनिंदा व्यक्तित्व को उनके समाज के प्रति समर्पण के लिए उन्हें ह्लमणिकुंडल गौरवह्व से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महासभा का कौशाम्बी जनपद के पदाधिकारियों का चयन किया गया,जिसमे शीतला प्रसाद कौशल को संरक्षक मनोनीत किया गया,वही कृष्ण चंद्र वैश्य को अध्यक्ष,भगवान दास कौशल,गिरीश चंद्र वैश्य और नीरज वैश्य को उपाध्यक्ष बनाया गया,अनिल कुमार कौशल को महामंत्री और अखिलेश कौशल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कौशाम्बी जिले के महिला संरक्षक के रूप में सरला देवी,कृष्णा देवी,मधु

### महासभा का कौशाम्बी जनपद के पदाधिकारियों का चयन किया और उन्हे पद वितरित किया



प्रमाण पत्र लिए हुए अयोध्यावासी वैश्य महासभा के पदाधिकारी

गुप्ता (राष्ट्रीय मंत्री महासभा),अनीता कौशल,सुमन कौशल को मनोनीत किया गया।प्रीति कौशल को कौशाम्बी जिलाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भगवान दास कौशल, गिरीश चंद्र वैश्य, नीरज वैश्य, अखिलेश कौशल, प्रीती कौशल, गौरव वैश्य, डा.शुभांगी वैश्य, सत्यम कौशल, सरला देवी, अनिल कुमार कौशल, मधु गुप्ता, हरिश्चंद्र वैश्य, शम्भू वैश्य, ओम प्रकाश कौशल, शुभम कौशल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### करोड़ों के विद्युत उपकरण जलाने की तैयारी में लगे हैं विद्युत अधिकारी

**विद्युत करंट से पावर हाउस जाने वाले उपभोक्ता या कर्मचारियों की कभी भी हो सकती है मौत**



**कौशांबी।** विद्युत विभाग के अधिकारी विभाग के करोड़ों कीमत के उपकरण को जला कर नष्ट करने की तैयारी में लग गए हैं जल्द ही विभाग में करोड़ों का विद्युत उपकरण जल कर राख हो सकता है लेकिन अभी तक शासन प्रशासन ने विद्युत अधिकारियों के इस बड़े योजना पर रोक लगाने का प्रयास नहीं किया है बताते चलें कि विद्युत का पानी से बड़ी दुश्मनी है लेकिन उसके बाद भी विद्युत उप केंद्र देवखरपुर में चहारदीवारी के अंदर लगी करोड़ों की मशीन के नीचे आलू और अरहर सहित विभिन्न प्रकार की फसलों की बुवाई कर विद्युत अधिकारी खेती करवा रहे हैं पावर हाउस परिसर के अंदर मशीन के नीचे कराई जा रही खेती की आए दिन सिंचाई की जाती है जिससे विद्युत करंट फैलने की संभावना बनी रहती है विद्युत करंट से पावर हाउस जाने वाले उपभोक्ता या कर्मचारियों की कभी भी मौत भी हो सकती है इतना ही नहीं फसल की सिंचाई के बाद उत्पन्न हुई नमी के चलते शॉर्ट सर्किट से करोड़ों के विद्युत उपकरण ट्रांसफार्मर फुंक जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता मामले को लेकर अधीक्षण अभियंता विद्युत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों को दंडित किया जाएगा।

### गांव की समस्या गांव में समाधान के अंतर्गत चौराडीह गांव में लगाई गई चौपाल



**कौशांबी।** चायल विकासखंड के ग्राम पंचायत चौराडीह गांव मे गांव की समस्या गांव में समाधान के अंतर्गत चौपाल लगाई गई है चौपाल में उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना है शासन द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में ग्राम चौपाल का आयोजन 13 जनवरी को किया गया प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड के 2 गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन शासन के निर्देश पर किया जा रहा है समस्त योजनाओं की समस्या जैसे आवास सड़क शौचालय नाली के निस्तारण हेतु गांव की समस्या गांव में समाधान के अंतर्गत शासन द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना ग्राम चौपाल के आयोजक मुख्य अतिथि एडीओ कोऑपरेटिव,रमेश सिंह पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष,ग्राम पंचायत अधिकारी अरविंद सिंह पटेल,ग्राम प्रधान पति कल्लू,प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार त्रिपाठी,अजय कुमार त्रिपाठी उदय कुमार पांडे सूर्य बली मिश्रा शांति देवी श्यामलाल पीआरडी संतोष कुमार मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## विधवा की जमीन पर निर्माण करने से परिवार वाले डाल रहे अवरोध

**करारी कौशांबी।** मंझनपुर तहसील के करारी थाना अंतर्गत रॉक्सवारा गांव के मजरा कटरा गांव सभा में शब्बीर अहमद की 20 वर्षों पहले लगभग मौत हो गई थी शब्बीर अहमद की मौत के बाद उनकी विधवा पत्नी सरवरी बानो गरीबी के दिन काट रही थी पति के मौत के बाद देखरेख के अभाव में उनका पैतृक आवास खंडहर में तब्दील हो गया तमाम प्रयास के बाद विधवा महिला को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ जब महिला अपने पति के पैतृक आवास पर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कराने लगी तो उनके परिवार के ही मुन्ना के बेटे मुजीब वहीब रहीस तथा हमीद हनीफ विधवा महिला के प्रधानमंत्री आवास को नहीं बनने दे रहे हैं परिजनों से पीड़ित विधवा महिला करारी थाना पुलिस की चौखट पर पहुंची है और फरियाद कर न्याय की गुहार लगाई है।

## बनते ही जर्जर हो गई करोड़ों की सरकारी बिल्डिंग...

अखड भारत संदेश

**कौशांबी।** योगी सरकार में भी किस तरह से ठेकेदार और विभागीय अधिकारी बेलगाम है इसका जीता जागता उदाहरण देखना है तो आपको सिराथू तहसील क्षेत्र के देवखर पुर गांव स्थित राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज पहुंचना होगा ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा देने के उद्देश्य से करोड़ों रुपए की लागत से देवखरपुर ग्राम पंचायत के कोटवा भीटा में करोड़ो की लागत से इंटर कॉलेज के भवन का निर्माण कराया गया 3 वर्षों पूर्व तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक ने इस भवन की गुणवत्ता को सही बताते हुए हस्तांतरण कर लिया लेकिन भवन की गुणवत्ता बेहद खराब थी यहां तक कि पूरे भवन में पूरे कार्य नहीं कराए गए हैं अधूरे निर्माण के बाद तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक ने इस भवन को हैंड ओवर कर लिया 2 वर्ष भी नहीं बीते पूरे भवन के दीवारो के प्लास्टर टूटने लगे हैं जमीन की फर्श टूट गई है छत के ऊपर पूरी तरह से चहारदीवारी का निर्माण नहीं कराया गया है दरवाजे खिड़कियां शीशे टूट गए हैप जल निकासी की व्यवस्था ध्वस्त हो गई है विद्यालय परिसर के अंदर बनाया गया बड़ा मैदान भी समतल नहीं किया गया था चहारदीवारी का भी निर्माण नहीं कराया गया है विद्यालय परिसर के बाहर चारों तरफ समतलीकरण भी नहीं कराया गया है सब कुछ अधूरा होने के बाद तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक ने ठेकेदार से मोटा कमीशन लेकर अधूरे भवन को पूर्ण दिखाकर हैंड



ओवर कर लिया है दो वर्ष में ही अब यह भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है इस भवन के निर्माण के गुणवत्ता की योगी सरकार ने जांच कराई तो कार्यदाई संस्था ठेकेदार और तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक का निलंबन होना तय है अधूरे और घटिया निर्माण के भवन को हैंड ओवर करने वाले अधिकारी ठेकेदार और इस संस्था के अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज करा कर करोड़ों की रकम इनसे वसूली कराया जाना और उन पर विभागीय जांच कराए जाने की मांग जनता ने की है यदि निष्पक्ष जांच हुई तो भवन निर्माण में गुणवत्ता से खेल करने वाले अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज हो सकता है लेकिन क्या घटिया निर्माण पर अपनी सहमति देने वाले ठेकेदार विभागीय अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक पर डीएम सीएम कार्यवाही कर पाएंगे यह बड़ा सवाल है।

## फर्जी बिलिंग कर 433 करोड़ का बकाया

### उपभोक्ताओं पर निकाल रहे विद्युत अधिकारी,विद्युत विभाग में बड़े घोटाले की जांच कराए जाने की जरूरत

अखड भारत संदेश

**कौशांबी।** विद्युत विभाग के अधिकारी भी आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हैं जिले से लेकर शासन तक बैठे विद्युत विभाग के अधिकारी विभाग की योजना को पलीता लगाकर विद्युत निगम को बर्बाद कर मालामाल होने में लगे हैं विभागीय सूत्र बताते हैं कि विभाग में फर्जी बिलिंग कर उपभोक्ताओं पर बकाया बताकर लगातार अधिकारी योगी सरकार को गुमराह कर रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि विद्युत उपभोक्ता लगातार विद्युत बिल जमा कर रहे हैं विभाग द्वारा कराए जा रहे विद्युत चोरी को छिपाने के लिए अधिकारी फर्जी विद्युत बिल कर उपभोक्ताओं के नाम फर्जी विद्युत बकाया लिखकर वर्षों से विद्युत चोरी पर पर्दा डालते आ रहे हैं योगी सरकार को विभाग के इस कारनामे पर गंभीर जांच कराए जाने की जरूरत है। कौशांबी जिले के आंकड़े बताते हैं कि 271 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं पर है वही कमर्शियल विद्युत उपभोक्ताओं पर भी 42 करोड़ से अधिक की राशि बकाया है इतना ही नहीं नलकूप कनेक्शन धारकों पर भी 91 करोड़ रुपए से अधिक और स्माल इंडस्ट्रीज पर भी 9 करोड़ से अधिक विद्युत बिल का बकाया विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया जा रहा है जबकि फर्जी बिलिंग को ठीक कराने के लिए प्रतिदिन अवर अभियंता सहायक अभियंता और अधिशासी अभियंता के कार्यालयों में पूरे दिन उपभोक्ताओं का आना जाना लगा रहता है जब फर्जी बिलिंग ठीक नहीं होगी तो विभाग का बकाया उपभोक्ता कैसे जमा करेंगे फर्जी बिलिंग कर 433 करोड़ रुपए कौशांबी के उपभोक्ताओं पर बकाया बताने वाले अधिकारियों के कारनामों की जांच करा कर इन्हें दंडित किए जाने की जरूरत है।

# बालों पर गलत तरीके से अंडा लगाने के हो सकते हैं ये नुकसान, जानें सही तरीका




अंडे में प्रोटीन, विटामिन्स और मिनरल्स काफी अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसलिए अंडे को सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इतना ही नहीं, अंडे को हेयर मास्क के रूप में भी यूज किया जाता है। कई लोग अंडे को एलोवेरा, तो कई नारियल तेल में मिक्स करके लगाते हैं। कुछ लोग अंडे को बालों पर सीधे तौर पर भी लगा लेते हैं। दरअसल, अंडा हेयर मास्क (Egg Hair Mask) लगाने से बाल मुलायम, चमकदार और खूबसूरत बनते हैं। इसके अलावा अंडा लगाने से बालों की ग्रोथ तेज होती है, डैंड्रफ आदि से भी छुटकारा मिल सकता है। लेकिन क्या सभी लोगों के लिए बालों पर अंडा लगाना फायदेमंद हो सकता है? या फिर बालों पर अंडा लगाने के कुछ नुकसान (Balo Par Anda Lagane ke Nuksan) भी हो सकते हैं? तो चलिए, कॉस्मेटोलॉजिस्ट प्रीति सेठ से जानते हैं बालों पर अंडा लगाने के नुकसानअंडा हेयर मास्क लगाने से बाल मजबूत और मुलायम बनते हैं। लेकिन बालों पर अंडा लगाने से बाल कमजोर और बेजान भी बन सकते हैं। दरअसल, जब आप बालों पर अंडे का पीला हिस्सा लगाते हैं, तो इससे डैंड्रफ हो सकता है। डैंड्रफ की वजह से आपको खुजली, जलन हो सकती है, जिससे हेयर फॉलिकल्स (Hair Follicles) को नुकसान पहुंचता है। फिर बाल बेजान और कमजोर हो सकते हैं। इससे हेयर फॉल बढ़ सकता है। अंडा लगाने से बालों में डैंड्रफ हो सकता है। बालों में अंडे का पीला भाग लगाने से बालों को काफी नुकसान होता है। बालों में अंडे का पीला भाग यानी एग योक का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। डैंड्रफ बढ़ने से बालों की जड़े कमजोर हो जाती है जिससे बाल ज्यादा टूटने (Hair Fall in Hindi) लग जाते हैं।

डैंड्रफ बढ़ जाना

जब स्कैल्प और बाल ज्यादा ऑयली हो जाते हैं, तो डैंड्रफ होने का जोखिम बढ़ जाता है। अंडे का पीला (श्वद्दद्द ङ्घश्यद्मद्म) हिस्सा आपके बालों और स्कैल्प में डैंड्रफ को बढ़ा सकता है। इसलिए अगर आपके सिर पर पहले से ही डैंड्रफ है, तो आपको अंडे का पीला भाग लगाने से बचना चाहिए। आप चाहें तो सफेद हिस्से को अप्लाई कर सकते हैं।

बालों का ज्यादा ऑयली होना

अंडा या एग हेयर मास्क (Egg Hair Mask in Hindi) बालों को मुलायम, सॉफ्ट बनाता है। इसलिए जिन लोगों के बाल ड्राई या रूखे होते हैं, उनके लिए अंडा हेयर मास्क फायदेमंद हो सकता है। लेकिन जिन लोगों के बाल पहले से ही ऑयली होते हैं, उन्हें बालों पर अंडा लगाने से बचना चाहिए। क्योंकि अंडा बालों और स्कैल्प को अधिक ऑयली बना सकता है। इससे स्कैल्प में डैंड्रफ और इंफेक्शन होने का जोखिम बढ़ सकता है।

बालों में अंडा लगाने का सही तरीका- How to Apply Egg Hair Mask in Hindi

अकसर लोग बालों पर अंडा लगाते हैं, लेकिन उन्हें अंडा लगाने का सही तरीका पता नहीं होता है। जिसकी वजह से उन्हें अंडा हेयर मास्क से फायदे (श्वद्दद्द Hair Mask Benefits) के बजाय नुकसान होने लगता है। अगर आप भी अपने बालों पर अंडा लगाना चाहते हैं, तो इसे सही तरीके से लगाना बहुत जरूरी होता है।

अगर आपके बाल ड्राई, रूखे और बेजान है, तो आप बालों पर अंडे का पीला और सफेद दोनों भाग लगा सकते हैं। लेकिन अगर आपके बाल ऑयली रहते हैं, तो आपको अंडे का पीला हिस्सा लगाने से बचना चाहिए। ऑयली बालों पर आप अंडे का सफेद भाग लगा सकते हैं। अंडे का सफेद भाग ड्राई और ऑयली सभी तरह के बालों के लिए सही रहता है। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि अगर आपके बाल ड्राई हो या ऑयली, आपको अंडे का अधिक इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। आप सप्ताह में एक बार अंडा हेयर मास्क लगा सकते हैं।

# Rahul Gandhi की पीएम उम्मीदवारी की राह में खड़े हो सकते हैं कई क्षेत्रीय दल



राहुल गांधी की पीएम पद की दावेदारी से पहले कांग्रेस के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। इनसे पार पाना भी कांग्रेस के लिए लोहे के चने चबाने जैसा है। उनमें सबसे बड़ी चुनौती है लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन में पर्याप्त सीटों पर दावेदारी जताना।बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने खुद को प्रधानमंत्री की दावेदारी से अलग कर लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के लिए नीतिश ने कहा कि यदि राहुल का नाम प्रधानमंत्री के लिए आगे आता है तो उन्हें कोई ऐतराज नहीं है। सवाल यह है कि नीतिश कुमार ने तो मान लिया पर क्या सारे विपक्षी दल राहुल गांधी को आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद का अपना संयुक्त उम्मीदवार बनाने पर सहमत हो सकते हैं। राहुल गांधी ने भी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान परोक्ष तौर पर ऐसी ही मंशा जाहिर की थी। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ही एक मात्र पार्टी है जिसका देशव्यापी नेटवर्क है। समाजवादी पार्टी का नाम लेते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि क्या इस पार्टी की पॉलिसी केरल-कर्नाटक में लागू होती हैं। उन्होंने कहा कि केवल कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है, जिसकी राष्ट्व्यापी नीतियां और नेटवर्क है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान विपक्षी दलों से एकजुटता का आहवान किया। इस आह्वान के पीछे राहुल गांधी की मंशा आगामी लोकसभा चुनाव में संयुक्त विपक्षी दल के प्रधानमंत्री के तौर पर अपनी उम्मीदवारी पेश करना है। क्षेत्रीय दलों के लिए राहुल की स्वीकार्यता आसान नहीं है। विपक्षी दलों का यह प्रयास यदि सफल हो भी जाता है, तब भी इसकी हालत भानुमति के कुनबे जैसी होगी। इन दलों के प्रमुखों का ख्वाब भी प्रधानमंत्री की दावेदारी के रूप में उभर कर आ सकता है। यही वजह है कि नीतिश के अलावा किसी भी क्षेत्रीय दल ने अभी तक राहुल गांधी के नाम को आगे नहीं बढ़ाया है। विपक्षी दलों की तस्वीर अभी स्पष्ट नहीं है। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा से क्षेत्रीय दलों ने दूरी बनाए रखी। हर दल के प्रमुख ने कोई न कोई बहाना बना कर राहुल और कांग्रेस को इस यात्रा का श्रेय देने से बचने का प्रयास किया।मुद्दा यह नहीं है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब देख रहे हैं।

सवाल यह है कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में कैसा प्रदर्शन कर पाती है। लोकसभा में मिलने वाली सीटों पर ही कांग्रेस की दावेदारी को दम मिलेगा। इसके लिए कांग्रेस को सिर्फ प्रमुख प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी से ही नहीं बल्कि विपक्षी दलों से भी जूझना होगा। कांग्रेस का सीटों के बंटवारे को लेकर गैरभाजपा दलों से गठबंधन आसान नहीं है। विपक्षी दलों में यदि कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभर कर आती है तभी राहुल गांधी की पीएम बनने की दावेदारी में कुछ दम हो सकता है। इससे विपक्षी दलों पर राहुल गांधी की दावेदारी का दवाब बढ़ जाएगा। फिर भी क्षेत्रीय पार्टियां आसानी से राहुल की दावेदारी को पचा नहीं पाएंगी।राहुल गांधी की पीएम पद की दावेदारी से पहले कांग्रेस के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। इनसे पार पाना भी कांग्रेस के लिए लोहे के चने चबाने जैसा है। उनमें सबसे बड़ी चुनौती है लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन में पर्याप्त सीटों पर दावेदारी जताना। क्षेत्रीय दल अपने जनाधार वाले राज्य में आसानी से सीटों का बंटवारा करने पर सहमत नहीं होंगे। यदि सहमत होंगे भी नाममात्र की सीटों पर। क्षेत्रीय दल बंटवारे में कांग्रेस को ज्यादा सीटें देकर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम कभी नहीं करेंगे। कांग्रेस क्षेत्रीय दलों से समझौता करती भी है तो बदले में क्षेत्रीय दल भी उसके जनाधार वाले राज्यों में सीटों की मांग कर सकते हैं, खासतौर से ऐसे क्षेत्रीय दल जिनकी कांग्रेस शासित राज्यों में भौगोलिक सीमाएं लगती हैं।राहुल के प्रधानमंत्री बनने के ख्वाब में क्षेत्रीय दलों से गठबंधन के साथ कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति भी कम बड़ी बाधा नहीं है। कांग्रेस का देश के प्रत्येक राज्य में नेटवर्क जरूर है पर फिलहाल इस नेटवर्क की हालत मरणासन्न है। कांग्रेस के लिए संगठन को जुझारू और मजबूत बनाना टेढ़ी खीर है। कांग्रेस ने बेशक गांधी परिवार से इतर मल्लिकार्जुन खड्गे के रूप में पार्टी का नया अध्यक्ष चुन लिया हो, पर संगठन में जान फूंकने की शक्ति खड्गे में नजर नहीं आती। कांग्रेस में व्याप्त अनुशासनहीनता और दूसरी समस्याएं हैं। राजस्थान में सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच टकराव इसका बड़ा उदाहरण है। यह कई महीनों से चल रहा है। कांग्रेस आलाकमान मल्लिकार्जुन खड्गे की हालत भी राहुल जैसी है। खड्गे भी राजस्थान की समस्या को सुलझाने में नाकाम रहे हैं। राहुल और प्रियंका गांधी से संगठन के मामले में निर्णय करने की उम्मीद नहीं है। गांधी परिवार के इन दोनों सस्दयों की लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारक की भूमिका हो सकती है। संगठन स्तर पर मजबूती का काम पार्टी अध्यक्ष खड्गे कोअपने बूते ही करना होगा।

कांग्रेस के समक्ष तीसरी सबसे बड़ी चुनौती, सत्ता में भागीदारी है। कांग्रेस गठबंधन यदि सत्ता में आता भी है तो मंत्री पदों के बंटवारे पर क्षेत्रीय दलों को साधना पहाड़ लांघने से कम नहीं होगा। हर क्षेत्रीय दल की कोशिश रहेगी कि उसके हिस्से में मलाईदार महकमा आए। रेल, वित्त और गृह मंत्रालय पर सबका जोर रहेगा। लोकसभा सभा में सांसदों की संख्या बल के आधार पर क्षेत्रीय दल मंत्री पद की मांग को लेकर कांग्रेस की बांह मरोड़ने में कसर बाकी नहीं रखेंगे। इसके बावजूद भी इस बात की गारंटी नहीं है कि क्षेत्रीय दल सरकार को आसानी से चलने देंगे। क्षेत्रीय दलों से सत्ता के लिए किए गए गठबंधन में कांग्रेस कडुवे अनुभव पहले ही झेल चुकी है। पूर्व की कांग्रेस गठबंधन सरकार में क्षेत्रीय दलों ने मनमानी करके कांग्रेस की जमकर फजीहत कराई थी। टूजी स्पैक्ट्रम सहित दूसरे घोटालों में क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस की काफी किरकिरी कराई। इनकी खींचतान और अराजकता का खामियाजा कांग्रेस आज तक भुगत रही है। भाजपा ने कांग्रेस शासन के दौरान हुए भ्रष्टाचार को अभी तक मुद्दा बनाए रखा है। भाजपा ने ऐसे ही अन्य मुद्दों पर कांग्रेस को घेरने में कसर बाकी नहीं रखी। कांग्रेस में अब इतनी कुव्वत नहीं रही कि अपने बलबूते लोकसभा लायक बहुमत जुटा सके। इसके लिए कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों की बैसाखियों का सहारा लेना पड़ेगा।

# संवेदनहीन समाज

पुलिस विभाग अक्सर कई तरह के आरोपों से घिरा रहता है। जैसे पुलिस जनता की सेवा और रक्षा करने की जगह उसे भयभीत करती है। पुलिस की प्राथमिकताएं रसूखदारों के लिए कुछ और, आम जनता के लिए कुछ और हैं। पुलिस विभाग सत्ता के दबाव में काम करता है। मौजूदा व्यवस्था में पुलिस का जो रवैया है, उसमें ये आरोप बेबुनियाद भी नहीं लगते हैं। क्योंकि समाज के दबे-कुचले लोगों, जाति, धर्म और धन से कमजोर तबके को पुलिस से दोहरी प्रताड़ना का शिकार होना पड़ा, ऐसे बहुत से प्रकरण अलग-अलग राज्यों में घटते ही रहते हैं। लेकिन इसी बीच पुलिस की एक नयी छवि को दिखाने वाला प्रकरण देश की राजधानी दिल्ली में घटित हुआ। इस घटना से पुलिस नहीं, समाज के रवैये पर सवाल खड़े हो गए हैं।बीती 4 जनवरी को दिल्ली पुलिस के एएसआई शंभूदयाल मायापुरी इलाके में मोबाइल छीनने वाले एक आरोपी को पकड़ कर ले जा रहे थे, तभी आरोपी ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले कर दिए। आरोपी का नाम अनीश बताया जा रहा है। शंभूदयाल पर हमला करने के बाद आरोपी पास के एक कारखाने में छिप गया और वहां भी उसने एक मजदूर को चाकू की नोंक पर बंधक बना लिया। दिल्ली पुलिस ने किसी तरह उस मजदूर को छुड़ाया और अनीश को गिरफ्तार किया। इस घटना में घायल एएसआई शंभूदयाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। अब दिल्ली सरकार ने उन्हें शहीद बताते हुए उनके परिवार को एक करोड़ रुपए की राशि देने की घोषणा की है।चूंकि आरोपी का नाम अनीश है, तो समाज में आग लगाने के लिए तैयार बैठे लोगों ने फौरन इस मामले को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की। आरोपी का नाम मोहम्मद अनीस बताते हुए इस पर फिर हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़ा करने की कोशिश सोशल मीडिया के जरिए शुरु हो गई। हालांकि यहां दिल्ली पुलिस ने फौरन बात संभालते हुए ट्वीट कर साफ किया कि शंभू दयाल की हत्या करने वाले आरोपी का नाम अनीश राज, पुत्र -प्रह्लाद राज है। यह एक अपराधी है। दिल्ली पुलिस ने ट्वीट में ये भी लिखा कि मामला सांप्रदायिक नहीं है। सोशल मीडिया में कुछ हैंडल द्वारा गलत व भ्रामक जानकारी दी जा रही है।सोशल मीडिया नफरत फैलाने का सबसे सस्ता, सुलभ साधन बन चुका है, इसमें कोई दो राय नहीं है। लेकिन समाज में नफरत परोसने वालों को यह जरूर देख लेना चाहिए कि वे कैसे अपने लिए ही गड्ढा खोद रहे हैं। हो सकता है नफरत के जरिए सियासत में फायदा हो। धर्म की रक्षा के नाम पर सत्ता हासिल हो जाए। लेकिन इसमें समाज के ताने-बाने को कितना नुकसान पहुंच चुका है, शंभूदयाल की मौत उसका जीता-जागता उदाहरण है। आरोपी ने उन पर चाकू से हमला किसी अंधेरी, सुनसान जगह पर नहीं किया, बल्कि कैमरे में कैद हुआ है कि आरोपी बीच बाजार उन पर चाकू मार रहा है। आस-पास लोग खड़े हैं, जिनमें से कुछ उसे रोकने आगे बढ़ते हैं, तो आरोपी उन सबको भी चाकू से डरा देता है। अगर आरोपी के पास बंदूक होती, तब लोगों का डरना स्वाभाविक था, क्योंकि उसमें दूर से किसी को भी मारा जा सकता है।लेकिन चाकू लिए आदमी को अगर सारे लोग हिम्मत जुटाकर घेरते और किसी तरह उसे रोकते तो शायद शंभूदयाल आज जीवित होते। एक चाकू से बहुत सारे लोगों का डर कर पीछे हट जाना, इस बात का उदाहरण है कि अब हमारे समाज से हिम्मत को तोड़ने में नफरत कामयाब रही है। मुमकिन है अपने सामने एक आदमी की चाकू से हत्या के बाद बहुत सारे लोग घर जाकर आराम से खा-पीकर सो भी गए होंगे या फिर इस घटना को किसी फिल्मी कहानी की तरह बता रहे होंगे कि हमारे सामने ऐसा हुआ।

# हिंदी की शक्ति और मुक्ति के रास्ते

महात्मा गांधी कहते थे एक हिंदी है जो सत्ता या सरकार बोलती है। दूसरी हिंदी है जिसे जनता या लोक बोलता है। दूसरी हिंदी को वे हिंदुस्तानी कहते थे। जिसमें हर भाषा, इलाक़े और मिज़ाज के शब्द भरे पड़े हैं। गांधी वाली हिंदी किसी भी भाषा के अच्छे और अपने काम के शब्द को खट से अपना लेती है इसलिए सरकारी हिंदी जिसे अधिशासी अभियंता कहती है हिंदुस्तानी हिंदी उसे इंजीनियर कहकर अपना काम बखूबी चला लेती है।

10 तारीख को विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। दिवस होने में कोई हर्ज नहीं। मगर दुनिया में इतनी बातें हैं किस किसका दिवस मनाएं। मनुष्य का जीवन तो पहले क्षण से अंतिम क्षण तक दूसरों पर ही आश्रित है। इतनी अनुकंपा है हम पर कि हज़ार वर्ष पूरी मनुष्य प्रजाति सिर झुकाए रहे तो भी अपने कर्ज़ के शतांश को चुका नहीं पाएगी। एक छोटी दूब से लेकर नदियों, पहाड़ों, जंगलों और हाथी की सूंड़ तक का हम पर अहसान है। मगर मनुष्य प्रजाति अहसानफ़रामोश ठहरी। खैर!

तो हिंदी भाषा पर आते हैं। अब यह वह भाषा है जिसे महान दुष्यंत कुमार के शब्दों में कहा जाए तो-

मैं जिसे ओढ़ता-बिछाता हूं
वो ग़ज़ल आपको सुनाता हूं..
तू किसी रेल-सी गुज़रती है
मैं किसी पुल-सा थरथराता हूं
एक बाज़ू उखड़ गया जब से
और ज़्यादा वज़न उठाता हूं

ये भाषा हमारे संवाद के जीवन की सांस है, ऑक्सीजन है। संवाद का हृदय प्रवाहमान रहे, स्वस्थ रहे, जीवन की धमनियों में रक्त का प्रवाह प्रबल रहे इसलिए जरूरी है कि सांस का वातावरण दूषित न हो बल्कि खुला हो, व्यापक हो, साफ हो। सांस में जंगल की खेत खलिहान नदी, समुद्र की हवा हो।भाषा रूपी हमारी यह सांस वैसी ही होनी है। इसे बंद कमरों से, अधिकारियों से, आयोगों की फ़ाइलों और विश्वविद्यालय के विभागों से नहीं आना बल्कि लोक और जनजीवन के बीच से, उनके दुख-दर्द से, उनके हर रंग को लपेटे हुए आना है।हमारी इस भाषा में एक धोबिन की व्यथा, एक चुड़िहारिन की पुकार, एक भड़भूंजे की डांट, एक मल्लाह का गीत, एक ठेलेवाले की चीत्कार, कुलियों की मार, मंदिर के पंडे का प्यार और दुत्कार, संत की अनासक्ति, व्यभिचारी की आसक्ति, एक पुलिस वाले की गाली, एक ग्वाले का गान, झाड़ू-पोंछा की चिकचिक, घर की उदारता और स्वार्थ, एक बुनकर की खटखट, हथोड़ी और बसुले की आवाज, एक सफाईकर्मी की मेहनत, पुर, रहट, डोलची, खांची, खुरपा, कुदाल की आवाज, अधिकारी का भ्रष्टाचार, नेता का सच-झूठ, दम्भ और व्यापार, मां की निःशब्द ममता, गरीबी की बेआवाज चोट, बच्चे की अनकही चाहत और एक क़ुल्फ़ी पर पूरी दुनिया निसारने का मिज़ाज, प्रेम और इशारे का हर अंदाज होना चाहिए। क्रोध भी हो जैसे जीवन में आता है। हमें हमारा डर भी दिखाए हमारी ये प्यारी भाषा। कुकड़ुकूं जैसी।

महात्मा गांधी कहते थे एक हिंदी है जो सत्ता या सरकार बोलती है। दूसरी हिंदी है जिसे जनता या लोक बोलता है। दूसरी हिंदी को वे हिंदुस्तानी कहते थे। जिसमें हर भाषा, इलाक़े और मिज़ाज के शब्द भरे पड़े हैं। गांधी वाली हिंदी किसी भी भाषा के अच्छे और अपने काम के शब्द को खट से अपना लेती है इसलिए सरकारी हिंदी जिसे अधिशासी अभियंता कहती है हिंदुस्तानी हिंदी उसे इंजीनियर कहकर अपना काम बखूबी चला लेती है।सरकारी हिंदी दूसरी भाषाओं से डरती है इसलिए अपने बोलने वालों को भी डराती है। और अंत में अपना ही नुक़सान करती है। गांधी जी वाली हिंदी किसी से नहीं डरती सबको प्रेम से गले लगाती है। आज तक हिंदी भाषा के साहित्य, कविता कहानी और सिनेमा को जो भी लोकप्रियता मिली है वह सरकारी हिंदी नहीं हिंदुस्तानी हिंदी को बोलने, परखने और इस्तेमाल करने से मिली है।मगर यहीं दूसरी बात भी आती है कि हमारी इस सांस का, हमारी हिंदी का अपनी बाकी बहनों से क्या नाता है? कैसा रिश्ता निभा रही है हमारी हिंदी अवधी, भोजपुरी, ब्रज, बघेली, बुंदेलखंडी से?

खड़ी बोली से निकली है आज की हमारी हिंदी। 300 साल पहले हिंदी का अस्तित्व न था। तब अवधी, भोजपुरी, ब्रज और रेख़्ते का राज था। तभी बाबा तुलसी और जायसी ने अवधी में, कबीर और रैदास ने भोजपुरी में और सूरदास ने ब्रज में अपना दिल निकालकर रख दिया। उर्दू अभी बनी नहीं थी।आज कहां गई ब्रज भाषा? कहां गए उधो और माधो? कहां है भोजपुरी- मनोज तिवारी, रवि किशन और निरहुआ के अश्लील गानों के अलावा? और कहां बची हमारी अवधी- मंगलवार के सुंदर कांड और खेत मजूर की



भाखा के अलावा?क्या निबाह कर रही है हिंदी अपनी इन सखियों से? अपनी तिजोरी से उर्दू, फ़ारसी, अरबी, के सोने जैसे लफ़्ज बाहर फेंककर क्यों और गरीब हो रही है हिंदी भाषा?खुद तो बैठ गई विधानसभा, सरकारी दफ़्तरों और सरकारी कागज़ों में संस्कृति से शब्दों की ओढ़नी ओढ़कर मगर अपनी सखियों को छोड़ दिया वहीं पीछे खेत-खलिहान, हाट बाज़ार और गरीबी में।हां, अंग्रेज़ी के सामने अभी भी पिट रही है हमारी हिंदी क्योंकि बड़े बाबू लोग और लाटसाहब लोग अंग्रेज़ी ही बरतें- और दुनिया का व्यापार अंग्रेज़ी में होवे- मगर ाप देखो एक पिट रही भाषा अपनी बहनों के साथ क्या कर रही है?अब सच्चाई की बात- इसमें भाषा का क्या दोष? दोष तो उस समाज है जो भाषा बरतता है। दोष तो इस समाज का है जो अपनी भाषा से इत्ता भी प्यार नहीं करता किगलत वर्तनी न लिखे। दोष उस प्रभु वर्ग का है जो नीति नियंता है।

ये प्रभु, नीति नियंता वर्ग स्वयं तो अंग्रेज़ी में खाता, सोता, जीता है, अपने बच्चों को सर्वश्रेष्ठ अंग्रेज़ी स्कूलों में या विदेश पढ़ने भेजता है मगर हमारे आपके लिए रोज़गारविहीन, सम्मानविहीन एक भाषा परोसता है और कहता है गर्व करो कि तुम्हारे पास हिंदी है। फिर आजकल राष्ट्रीय स्तर पर गंवारपन इतना फैला है कि लोग राजभाषा और राष्ट्रभाषा का फर्क जाने बग़ैर हिंदी मां के गले में एक और पत्थर की माला डाल देते हैं।

स्थिति दिनोंदिन ख़राब होती जाएगी। क्योंकि कोई सोचकर बोलने का साहस नहीं कर रहा है। सब सस्ती लोकप्रियता और सस्ते प्रचार का साधन हासिल कर अपना उल्लू साध लेना चाहते हैं। कोई हिंदी भाषा की आज की हैसियत और भविष्य को लेकर चिंतित नहीं है। एक छ्ली जा रही भाषा रोज जल रही है जिसमें स्वार्थी कभी-कभी हाथ ताप लेते हैं। जब जन ही छ्ला जा रहा तो भाषा का कहना ही क्या।हमें एक नयी भाषा नीति चाहिए। एक नया भाषाई संस्कार। जहां मेरी अवधी अपनी पहचान बताने के लिए बार-बार पांच सौ साल पीछे न जाए, जहां मेरी भोजपुरी गर्व से मेरा मत्था उठाए, जहां मेरी ब्रज और बुंदेलखंडी मेरे हुनर और मेहनत की जुबान हो और हिंदी मेरे सम्मान और मेरी पहचान का सबसे महान शब्द। जो किसी की मोहताज न हो। वह दुनिया की पांच सबसे बड़ी भाषाओं में अपना मुक़ाम हासिल करे। अंग्रेज़ी उसे इज्जत से देखे,चीनी और जर्मन भाषा उससे सीखे और रूसी झुककर सलाम करे। ये कूबत है हिंदी में क्योंकि ये कूबत हमारी कौम में है।इसके लिए हिंदी को अपनी ठसक मिटानी होगी। अपनी सखियों को सर माथे बिठाना होगा। हिंदी की शक्ति और मुक्ति सभी भारतीय भाषाओं की शक्ति और मुक्ति में ही संभव है अन्यथा नहीं।

## फटाफट खबरें

### मुख्यमंत्री से जिले को दिलायेंगे सौगात: आशीष पटेल, बुन्देली सेना ने कैबिनेट मंत्री को सौंपा पत्र



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का जिले में गर्मजोशी से बुंदेली सेना ने स्वागत किया। धर्मनगरी के विकास को लेकर सौंपे पत्र की बाबत मंत्री ने मुख्यमंत्री से जल्द ही जिले को योजनाओं की सौगात दिलाने का वायदा किया।

शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने जिले के मूल निवासी सूबे के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल को पत्र सौंपा। पत्र में मांग की गई कि कर्वी में सबसे ज्वलन्त समस्या रिंग रोड की है। भारी भरकम वाहन नगर मे दौड़ते हैं। जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। देवांगना से खोह और शिवरामपुर से राजापुर रोड में बाईपास रिंग रोड की नितान्त आवश्यकता है। खोह में बनकर तैयार खड़े सौ शैय्या के मातृ एवं शिशु अस्पताल में भरपूर स्टाफ और डॉक्टरों की तैनाती की जाये। रामघाट टेम्पो स्टैंड बनकर तैयार खड़े फूड प्लाजा को चालू करने, नगर में एक ट्रामा सेंटर बनाने, विद्युत शवदाह गृह, रजिस्टर्ड टूरिस्ट गाइड, ओला-ऊबर जैसी टैक्सी कैब सेवाएं, प्री पेड़ बूथ, वाटर एटीम, सिटी बस सेवा, उपेक्षित मारकंडेय आश्रम, अमरावती, दशरथ घाट, करका आश्रम, बांके सिद्ध, बाण गंगा, सूरज कुण्ड आदि स्थलों का पर्यटन विकास की मांग की गई। मिनी खजुराहो गणेश बाग को पर्यटन का हब बनाने की मांग भी शामिल है। मन्दाकिनी नदी किनारे रिवर फ्रंट विकसित कराने के साथ ही जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का अनुरोध किया। पर्यटन हब बनाने को बुंदेलखंड को मिनी फिल्म सिटी का दर्जा देने की भी मांग की गई। इस मौके पर पप्पू खान, अतुल सिंह, जानकीशरण गुप्ता, वीपी पटेल, इरफान खान, संजय गुप्ता, धर्मेंद्र ओझा समेत कई अन्य युवा मौजूद रहे।

### बनारस ने ललितपुर को 118 रनों से हराया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जन्म स्मृति पर अखिल भारतीय क्रिकेट टूनार्मेंट 20 वर्ष मैं ग्रुप डी का क्वाटर मुकाबला बनारस बनाम ललितपुर के बीच हुआ। पहले टॉस जीतकर बनारस ने 25 ओवर में 195 रन बनाए। बनारस के बल्लेबाज विक्रांत ने 32 गेंदों पर 35 रन, हर्ष ने 15 गेंदों पर 23 रन बनाए। वहीं ललितपुर के गेंदबाज अभिनय ने पांच ओवर में 42 रन खर्च करके तीन विकेट लिए।

शुक्रवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुए मैच में अनिकेत ने पांच ओवर में 36 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ललितपुर टीम ने बल्लेबाजी में कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया। 14 ओवर खेल के 77 रनों मे ऑल आउट हो गई। ललितपुर की ओर से डेविड, अनसुल और अभिनव ने 16-16 रन बनाए। वहीं बनारस के गेंदबाज हर्ष बेहतर गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में मात्र 19 रन दे के सात विकेट लिए। विजय, अमन, चंदन ने 1-1 विकेट लिए। आज के मैच मुख्य अतिथि जैनुल अब्दिन्न जिपुमाशि संघ, विशिष्ट अतिथि शिवसागर मिश्र, मंडल अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, पीवी गुप्ता, फराज खान, डॉ अफसर उल्ला खान, बद्री प्रधान ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर मैच शुरू कराया। आज के मैच के अंपायर प्रेम नारायण और आनंद पटेल रहे। स्कोरर सौरभ नाहर, विजय भारद्वाज, दीपक मिश्रा, कॉमेंटेटर किशन बरार, नागराज, रामचंद्र कुरील, सिराज, इरफान खान, समसुंद्दी खान, आशीष, ऑस्ट्रेलिया आदि टूनार्मेंट सफल बनाने में रहे। मीडिया मैनेजर नागेंद्र मिश्रा ने बताया कि आज का मैच पहला सेमी फाइनल मुकाबला फरीदाबाद बनाम कानपुर के बीच खेला जाएगा।

### मेडिकल छात्रा को प्रेमजाल में फंसाकर शादीशुदा मौलाना ने किया निकाह

**मेरठ.।** मेरठ में मेडिकल छात्रा को शादीशुदा मौलाना ने अपने प्रेमजाल में फंसाकर निकाह कर लिया। छात्रा के गर्भवती होन पर मौलाना उसे छोड़कर पहली पत्नी के पास रहने लगा। पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत करके कार्रवाई की मांग की।

सरधना थाना क्षेत्र की एक युवती शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय पहुंची। उसने एसएसपी रोहित सिंह सजवाण से शिकायत करते हुए बताया कि डेढ़ साल पहले वह बीएएमएस कर रही थी। उसकी छोटी बहन सरधना कस्बे के एक मदरसे में पढ़ाती थी। मदरसे के मौलाना अबूजर ने खुद को अविवाहित बताकर मेडिकल छात्रा को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। कुछ समय लिव इन रिलेशनशिप में रहने के बाद मौलाना ने खुद को अविवाहित बताकर छात्रा से निकाह करने लगा और मुरादनगर में रहने लगा। कुछ समय बाद युवती को मौलाना के पहले से शादीशुदा होने और उसके दो बच्चे होने का पता चला। युवती ने जब इसका विरोध किया तो मौलाना आठ महीने की दूसरी पत्नी को छोड़कर पहली पत्नी के पास जाकर रहने लगा।

युवती ने आरोप लगाया कि अब मौलाना अबूजर और उसका परिवार उसे अपने घर में रखने से इनकार कर रहा है। मौलाना ने उसका जीवन बर्बाद कर दिया। एसएसपी ने इस मामले में जांच करके कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### पीतांबरा मंदिर को चोरों ने बनाया निशाना, बीस लाख रुपये का माल पार- सीसीटीवी फुटेज में चोरी करते हुए कैद हुए तीन चोर

**कानपुर।** बिठूर थाना क्षेत्र में चोरों ने पीतांबरा देवी मंदिर को ही निशाना बना डाला। यहां से चोरों ने करीब 20 लाख रुपये का माल लेकर फरार हो गये। चोरों ने लोहे की ग्रिल और तीन दरवाजों के ताले काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया, हालांकि सीसीटीवी में तीन नकाबपोश चोर हाथों में चापड़ लिए कैद हो गये। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मंधना बिठूर रोड रमेल नगर गांव के पास पीतांबरा देवी का मंदिर है और यहां के प्रबंधक आजाद नगर नवाबगंज निवासी डॉ. सुनील शिवमंगल पाण्डेय हैं। पाण्डेय ने शुक्रवार को बताया कि गुरूवार देर रात चोरो ने मां बंगला पीतांबरा मंदिर में लोहे की ग्रिल और तीन दरवाजों के ताले काटकर करीब बीस लाख रुपए का माल पार कर दिया। सुबह पुजारी अमर शास्त्री पट खोलने पहुंचे तो दरवाजे और ताले टूटे देख मुझे जानकारी दी।

# एक सप्ताह में लुटेरों को दबोच किया माल बरामद

## रेलवे कर्मी से की थी लूट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर बरगढ थानाध्यक्ष व सर्विलांस टीम निरीक्षक ने संयुक्त रुप से एक सप्ताह के भीतर लूट की घटना का खुलासा करते हुए तीन लोगों को दबोचकर उनके कब्जे से लूटी मोटरबाइक, बैग, मोबाइल व तमंचा आदि सामग्री बरामद की है।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रुबरु हुई। उन्होंने बताया कि बरगढ थानाध्यक्ष योगेश तिवारी व प्रभारी स्वाट/सर्विलांस श्याम प्रताप पटेल की संयुक्त टीम ने बरगढ थाना क्षेत्र के रेलवे कर्वी विजय कुमार केशरवानी पुत्र रामदास के साथ पांच जनवरी की रात हुई लूट का खुलासा किया है।



पुलिस ने पांच जनवरी की रात रेलवे ट्रैक में विजय केशरवानी के ड्यूटी जाते समय बोझ गांव के पास अज्ञात लोगों ने मोटरबाइक, एक मोबाइल फोन, बैग, शाल, कागजात व दो सौ रुपये लूट लिए थे। तहरीर पर बरगढ पुलिस ने मामला दर्जकर मुखबिर की सूचना पर अभय सिंह उर्फ अशोक बहादुर सिंह निवासी पिपराव घोरेढीह थाना करछना जिला प्रयागराज, आदर्श मिश्रा पुत्र जगदीश मिश्रा निवासी मडवा वीरपुर थाना करछना व मदन मोहन उर्फ आशीष यादव पुत्र भगवती प्रसाद यादव निवासी जगदीशपुर करछना को दबोचकर उनके कब्जे से लूटा गया सामान व तमंचा तथा कारतूस बरामद किये हैं। लुटेरो ने बताया कि मप्र से लौटते समय बरगढ जाने वाले मार्ग में सुनसान स्थान पर वे लूटपाट की घटना अंजाम देते रहे हैं। पुलिस ने लूट का सामान बरामद कर तीनों को जेल भेजा है। टीम में बरगढ थानाध्यक्ष योगेश तिवारी, दरोगा प्रभुनाथ यादव, दरोगा राजेन्द्र प्रताप सिंह, सिपाही संतोष कुमार, चन्दन विश्वकर्मा, मनीष यादव व सर्विलांस टीम निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल, दीवान रईश खां, जितेन्द्र कुशवाहा, प्रदीप कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, सिपाही आशीष कुमार, रोहित सिंह, शरद कुमार व ज्ञानेन्द्र मिश्रा शामिल रहे। पत्रकार वार्ता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ शीतला प्रसाद पाण्डेय मौजूद रहे।

## केन्द्र व प्रदेश की योजनायें बताकर पात्रों को दिया भरोसा: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र के इटवां गांव में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने शीतकालीन चैपाल में केन्द्र व प्रदेश सरकार से संचालित योजनाओं से लाभान्वित लोगों से सीधे बात कर छूटे पात्रों को लाभ दिलाने का भरोसा दिया।

शुक्रवार को इटवां गांव में आयोजित जनचैपाल में जिलाधिकारी ने कोमल, दिव्यांश का अन्नप्रासन व विमला, रुपा की गोद भराई तथा पुष्टाहार बांटा। चैपाल में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना का सत्यापन किया। उन्होंने कहा कि 651 आयुष्मान कार्ड गांव में बने हैं, जबकि 3022 की सूची है। खेल मैदान की भूमि का सीमांकन कराकर निर्माण कराने को बीडीओ



व एसडीएम से कहा। गांव की पानी की समस्या का निस्तारण बीडीओ से करने को कहा। जलजीवन मिशन से पेयजल आपूर्ति की जायेगी। सम्पर्क मार्ग से प्राथमिकता के आधार पर अतिक्रमण हटाया जायेगा। 12 दिनों बाद जनचैपाल की समस्याओं के निस्तारण की समीक्षा होगी। सफाई कर्मी के न आने पर उसके खिलाफ कार्यवाही को एसडीएम से कहा। उन्होंने एसडीएम से अवैध कब्जे, सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटाने के निर्देश दिये। मौजूद ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्यायें बताई। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तार से जानकारी देकर समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, बीडीओ सुनील सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी, परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम भीमजी उपाध्याय, प्रधान इटवां मनोज कुमार, एडीओ पंचायत देवेन्द्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी आशीष सिंह, लेखपाल अरबाज सिद्दीकी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## पढाई तक ही मोबाइल का प्रयोग कर महिलाओं का करें सम्मान: एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सडक सुरक्षा माह के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की अध्यक्षता में चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में यातायात जागरूकता का शुभारम्भ दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में प्रोजेक्टर से यातायात जागरूकता एवं सडक संकेतों की बाबत वीडियो से छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।

शुक्रवार को चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में सडक सुरक्षा माह के तहत हुए कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पूंछे गये प्रश्नों का सही उत्तर देने पर बतौर पुरस्कार हेलमेट बांटे गये। छात्र-छात्राओं ने यातायात नियमों की बाबत नुक्कड नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। ऐसे कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुलिस




अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ यातायात ने प्रसस्ति पत्र देकर उत्साह बढाया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जीवन में अनुशासन बहुत महत्वपूर्ण है। मोबाइल फोन का प्रयोग पढाई तक ही रखें। लडकियों एवं महिलाओं का सम्मान करें। छात्राओं से कहा कि अपराध सहना भी अपराध है। कोई समस्या होने पर तत्काल परिजनों एवं पुलिस को या टोल फ्री नम्बर 1090 में सूचना दें। एंटी रोमियो टीमें लगाकर सार्वजनिक स्थानों पर जांच कर रही हैं। थाना पुलिस को सूचना दें, पहचान गोपनीय रखी जायेगी। हो रहे हादसों से सीख लेकर यातायात नियमों का पालन करें।

सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने वर्तमान में हो रहे साइबर अपराध के बारे में छात्रों को जानकारी दी। सीओ यातायता राजकमल ने कहा कि स्कूल आते-जाते समय हमेशा बाईं ओर चलें। स्टंटबाजी न करें। संचालन केशव शिवहरे ने किया। मौजूद लोगों को सडक सुरक्षा संबंधी यातायात नियमों का पालन करने को पुलिस अधीक्षक ने शपथ दिलाई। इस मौके पर यातायात निरीक्षक मनोज कुमार, टीएसआई योगेश कुमार यादव, प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान आदि मौजूद रहे।

## मन्दाकिनी नदी सीमा का तत्काल करायें सीमांकन: डीएम

### जिला गंगा समिति की हुई समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला गंगा समिति की बैठक में अधिकारियों से कहा कि मन्दाकिनी गंगा की नियमित साफ-सफाई कराई जाये। घाटों में स्वच्छता बाबत आकर्षक जनजागरूकता पेंटिंग भी करायें।

शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति व भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4/20 की बाबत कलेक्टेज्ट सभागार में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि गंगा समिति की ओर से जनजागरूकता का बोर्ड लगाया जाये। जो मछली मारने का कार्य कर रहे हैं, उनके खिलाफ कडी कार्यवाही करायें। जिन गांवों में मन्दाकिनी किनारे वृक्ष लगाये हैं, उनमें ट्रीगार्ड की



व्यवस्था की जाये। मन्दाकिनी किनारे बरगद, पीपल, पाकड के बडे पौधे लगाये जायें। पुलघाट कर्वी के पास पूजन सामग्री प्रवाहित करने को अलग से गड्ढा खुदवाया जाये। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता गुरु प्रसाद से कहा कि बरेठी के चेकडैम को चेक कराकर सिल्ट सफाई करायें।

उन्होंने कहा कि एसडीएम सदर से सम्पर्क कर मन्दाकिनी नदी की सीमा का तत्काल चिन्हांकन करायें। सीडीओ से कहा कि छोटी सहायक नदियों को मनरेगा से प्रस्ताव बनवाकर खुदाई करायें। सभी ईओ को निर्देश दिये कि प्लास्टिक प्रबंधन पर अभियान चलाकर कार्यवाही करायें। थोक विक्रेता पर कडी कार्यवाही की जाये। प्रत्येक दशा में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगायें। स्वास्थ्य केन्द्रों के कूडे को न उठाने पर सूचना सीएमओ को दें। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से कहा कि वृक्षारोपण में जिन विभागों ने अभी तक जिओ टैग नहीं कराया, वे तत्काल करा दें। डीएफओ आरके दीक्षित से कहा कि वन अधिनियम 1927 की धारा 4/20 के तहत शासन से निर्देश के क्रम में कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, डीएफओ आरके दीक्षित, बीएसए लवप्रकाश यादव, पर्यटन अधिकारी अनुपम शुक्ला, एआरटीओ प्रदीप कुमार, बीडीओ धनंजय सिंह तथा सभी ईओ व समिति के अजीत सिंह, आशीष सिंह रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### पति की मृत्यु के बाद जान के दुश्मन बने परिजन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय की एक महिला के पति की मृत्यु के बाद परिजनों का सितम टूट पडा है। उसके अपने ही लोग जान के दुश्मन बन गये हैं। पीडित विधवा महिला को ससुरालीजनों ने घर से निकाल दिया है। विधवा ने बच्चों समेत पुलिस अधीक्षक से ससुर व जेठ के सम्पत्ति हडपने की गुहार लगाई है।

ये मामला है शहर कोतवाली कर्वी क्षेत्र के कछारपुरवा का। शुक्रवार को पीडिता कलावती ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके पति की मृत्यु हो गई थी। पति की मौत के बाद वह बेटे और दो बेटियों के साथ अपने ही घर में किराने की दुकान खोलकर जीवनयापन कर रही थी। अब उसके घर पर कब्जा करने को ससुर व जेठ आये दिन मारपीट कर घर से निकालने की धमकी दे रहे हैं।

पीडिता ने बताया कि ससुर ने उसके घर को जेठ के नाम कर दिया है। ऐसे में उसके पास रहने को कोई ठिकाना नहीं है। पीडिता ने ससुर व जेठ की मारपीट से तंग आकर भीषण ठंड में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। पीडिता ने दो बेटियों और बेटे के सामने रहने खाने का संकट बताते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। चेताया है कि न्याय न मिलने पर वह आत्महत्या कर लेगी। इस मामले में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बताया कि पीडिता ने प्रार्थना पत्र दिया है। कर्वी कोतवाली को न्याय दिलाने को कहा है। जांच में दोषी मिलने पर आरोपियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी।

### शिक्षकों के अनशन करते ही लेखाधिकारी ने भेजा वेतन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने वित्त एवं लेखाधिकारी के प्रान नम्बर आवंटित न होने से 2085 शिक्षकों के वेतन भुगतान न होने पर क्रमिक अनशन शुरू कर दिया।

शुक्रवार को तहसील परिसर में शिक्षकों के क्रमिक अनशन शुरू होने की जानकारी होने पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों समेत पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विजय पाण्डेय व अर्न्तजनपदीय एसोसिएशन के राधेश्याम सिंह तूफानी, मनोज सोनी समेत एक सैकडा शिक्षक पहुंच गये। क्रमिक अनशन शुरू होने के आधा घंटे बाद ही लेखाधिकारी ने शिक्षकों को बुलाकर कहा कि सभी लोग अनशन समाप्त कर दें।

लेखाधिकारी ने कहा कि सभी 2085 शिक्षकों का वेतन आज ही जिला कोषाधिकारी के यहां भेज दिया जायेगा। वित्त एवं लेखाधिकारी के टोकन जारी कर वेतन बिल टेज्जरी भेजने के बाद शिक्षकों ने क्रमिक अनशन समाप्त कर दिया।

### ट्रैक्टर से हुई टक्कर में ऑटो चालक की मौत, एक गंभीर

**मीरजापुर।** अदलहाट क्षेत्रांतर्गत वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर शुक्रवार की देरशाम हाजीपुर स्थित पेट्रोल पम्प के पास ऑटो में पीछे से ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो पलटी और चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ऑटो में सवार एक यात्री गंभीर रुप से घायल हो गया, जिसे चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया।

अदलहाट थाना क्षेत्र के गरौड़ी गांव निवासी ऑटो चालक सईद अख्तर (44) यात्रियों को लेकर अहरौरा की ओर से अदलहाट आ रहा था। हाजीपुर गांव के पास एक यात्री ने रुकने का इशारा किया तो चालक ने ऑटो को एकाएक बाई तरफ मोड़ लिया। इसी दौरान पीछे आ रहे ट्रैक्टर ने ऑटो में टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद ऑटो पलट गई और चालक की घटनास्थल पर मौत हो गई। ऑटो पर सवार अदलहाट थाना क्षेत्र के मानिकपुर (भुइली) निवासी कृष्णलाल (45) सियाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ऑटो को सीधा कराने के बाद घायल को एक निजी चिकित्सक के यहां पहुंचाया। चिकित्सक ने घायल को ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया।

# बांग्लादेश पर बोझ बन चुके 13 लाख रोहिंग्या शरणार्थियों का भविष्य अधर में

**ढाका।** बांग्लादेश के कुतुपालंग स्थित दुनिया के सबसे बड़े शरणार्थी शिविर में म्यांमार से भाग कर आए कम से कम रोहिंग्या समुदाय के 13 लाख लोग रह रहे हैं। सबसे पहले वर्ष 1999 में यहां शरणार्थी शिविर बनाए गए थे। उसके बाद से लगातार यहां रोहिंग्याओं का आना जारी रहा है। अब म्यांमार में और अस्थिर हालात बन जाने की वजह से यहां रहने वाले लोग अपनी मातृभूमि में लौटने को लेकर चिंतित हैं। म्यांमार में फरवरी 2021 से सैन्य शासन स्थापित होने के बाद हालात और बिगड़ गए हैं और स्थानीय विद्रोहियों के साथ सेना का संघर्ष और दमन की घटनाएं लगातार सुर्खियों में छाई रही हैं। हाल ही में म्यांमार की सेना की ओर से विद्रोहियों पर की गई बमबारी के दौरान दो बम भारतीय सीमा में भी गिरे थे।बांग्लादेश के सूचना और



संस्कृति मंत्री डॉक्टर हसन महमूद ने बताया कि म्यांमार में सेना के हमले के बाद भागकर आए लोगों के रहने के लिए यहां सीमा से सटे इलाके में जो विशाल शरणार्थी शिविर बनाए गए हैं उसका नाम वन वेस्ट है। यहां से केवल ढाई किलोमीटर की दूरी पर नाफ नदी और जंगलाकिरण का समतल रास्ता है जो म्यांमार जाता है। वहीं से ये सारे शरणार्थी भागकर आए हैं।शुरुआत में संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कमीशन (यूएनएससीआर) ने इस मामले में हस्तक्षेप कर यह सुनिश्चित किया था कि शरणार्थियों के रहने व खाने की व्यवस्था की जाएगी। उन्हें अच्छी गुणवत्ता वाले चावल, दाल, चिकित्सा के सामान और वित्तीय मदद पहुंचाई जाएगी। कई देशों ने इस मामले में बयान जारी कर म्यांमार में जनसंहार की निंदा की थी और इन्हें शरण देने के लिए बांग्लादेश की सराहना की थी। वित्तीय मदद का भी आश्वासन मिला था लेकिन अब कहीं से कोई मदद नहीं मिल रही।

हसन महमूद कहते हैं कि मुक्ति युद्ध के समय भारत ने भी लाखों बांग्लादेशियों को शरण देकर जो उदाहरण पेश किया था, वही उदाहरण बांग्लादेश आज दुनियाभर में पेश कर रहा है। इन शरणार्थियों को मानवता के नाते रखने से इनकार भी नहीं किया जा सकता और इनका आना बांग्लादेश पर लगातार बोझ बनता जा रहा है।

# भारतीय महिला संग बदसलूकी का मामला, पाकिस्तान विदेश मंत्रालय ने दिया ये जवाब

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कहा कि वह एक महिला प्रोफेसर के मामले की जांच कर रहा है, जिसने आरोप लगाया था कि उसके साथ नई दिल्ली में देश के उच्चायोग के कुछ वरिष्ठ कर्मचारियों द्वारा कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया गया था। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच ने एक भारतीय महिला के साथ उच्चायोग के एक अधिकारी द्वारा कथित अभद्र व्यवहार के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में एक बयान जारी किया। पंजाब के एक कॉलेज के प्रोफेसर ने आरोप लगाया कि दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के वरिष्ठ कर्मचारियों ने उनसे ऐसे सवाल पूछे जिससे वह असहज हो गईं।

यहां सभी सार्वजनिक शिकायतों के निवारण के लिए मजबूत तंत्र मौजूद हैं।÷उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान सभी वीजा और कांसुलर आवेदकों के




प्रति उचित शिष्टाचार और व्यवहार को अत्यधिक महत्व देता है। बता दें कि एक महिला शिक्षाविद् ने दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के कुछ वरिष्ठ कर्मचारियों द्वारा पाकिस्तान जाने के लिए वीजा के लिए आवेदन करने के दौरान अभद्र व्यवहार और यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए थे। एक विश्वविद्यालय में एक वरिष्ठ प्रोफेसर और एक विभाग की प्रमुख, उसने कहा कि उसने पाकिस्तान उच्चायोग के साथ एक ऑनलाइन वीजा नियुक्ति बुक की थी। जब उनसे उनकी लाहौर यात्रा के उद्देश्य के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने अधिकारी से कहा, ÷मैं स्मारकों की तस्वीरें लेने और उन पर लिखने के लिए लाहौर जाना चाहती हूं और एक विश्वविद्यालय भी जाना चाहती हूं जहां मुझे व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था।जब वह जाने वाली थी, तभी एक और कर्मचारी आ गया और उससे निजी सवाल पूछने लगा, जिससे वह असहज हो गई। उसने कहा, 'उसने मुझसे पूछा कि मैंने शादी क्यों नहीं की; मैं बिना शादी के कैसे रहूं? मैं अपनी यौन इच्छाओं के लिए क्या करूँ?' उन्होंने दावा किया कि विषय को बदलने के उनके प्रयासों के बावजूद अधिकारी उनके सवालों पर कायम रहे।

# ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में स्वामीनारायण मंदिर पर हमला, खालिस्तान समर्थकों ने की तोड़फोड़

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण (बीएपीएस) के मंदिर पर हमला किया गया। खालिस्तान समर्थकों ने मंदिर में तोड़फोड़ कर दीवारों पर भारत विरोधी नारे भी लिखे।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में उत्तरी उपनगर मिल पार्क क्षेत्र में स्थित स्वामीनारायण मंदिर पर 12 जनवरी की सुबह खालिस्तान समर्थकों ने हमला कर दिया। इन लोगों ने मंदिर परिसर में तोड़फोड़ भी की। उपद्रवियों ने मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे भी लिखे। मंदिर की दीवारों पर खालिस्तान समर्थकों ने आतंकवादी जरनैल सिंह भिंडरावाला को शहीद लिखकर उसकी प्रशंसा की। ऑस्ट्रेलिया में रह रहे हिंदुओं में इस घटना को लेकर खासा आक्रोश है। बीएपीएस ने हमले की निंदा की है। बीएपीएस ने एक बयान में बर्बरता और घृणा के इन कृत्यों से दुखी और स्तब्ध होने की बात कही है। बयान में शांति और सद्भाव के लिए प्रार्थना करने की बात भी कही गयी है। घटना को लेकर हिंदू काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष मकरंद भागवत ने कहा कि पूजा स्थलों के खिलाफ किसी भी तरह की नफरत और तोड़फोड़ अस्वीकार्य है। इसकी निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधि नस्लीय और धार्मिक सहिष्णुता अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने सरकार और पुलिस से अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि वे निश्चित रूप से इस मामले को ऑस्ट्रेलियाई सरकार के समक्ष उठाएंगे। हिंदुओं की जान का खतरा बहुत गंभीर मामला है क्योंकि समुदाय इन खालिस्तान समर्थकों से डरता है। उत्तरी महानगर क्षेत्र के लिबरल सांसद इवान मुल्होलैंड ने कहा कि यह बर्बरता ऑस्ट्रेलिया के शांतिपूर्ण हिंदू समुदाय के लिए बहुत ही दुखद है। इस तरह की धार्मिक घृणा का यहां कोई स्थान नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में हिंदू समुदाय के नेता बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर पंथ के साथ खड़े हैं और मंदिर पर हमले की निंदा कर रहे हैं। इस तरह की गतिविधि विक्टोरिया के नस्लीय और धार्मिक सहिष्णुता अधिनियम का उल्लंघन है।

## अमेरिका के शीर्ष जनरल ने पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख से सुरक्षा हालात पर चर्चा की

**वाशिंगटन।** काबुल में आतंकवादी हमले के ठीक एक दिन बाद अमेरिका के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिले ने पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख जनरल सैय्यद आसिम मुनीर से फोन पर बात की। दोनों के बीच पाकिस्तान और क्षेत्र के मौजूदा सुरक्षा हालात पर चर्चा हुई। जनरल मिले ने मुनीर को नया पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ जनरल मिले के प्रवक्ता कर्नल दवे बटलर ने बताया कि दोनों के बीच मौजूदा सुरक्षा हालात




समेत आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा हुई। जनरल मिले ने गर्मियों में आई विनाशकारी बाढ़ का सामना करने वाले पाकिस्तान के लोगों के प्रति संवेदनाएं भी व्यक्त की। इस बीच कांग्रेस सदस्य शीला जैक्सन ली ने मुश्किल हालात से गुजर रहे लोगों के समर्थन करते रहने के लिए प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश किया।

## कोलंबिया में ईएलएन विद्रोहियों और एफएआरसी के संघर्ष में 11की मौत

**बोगोटा (कोलंबिया)।** पूर्वोत्तर कोलंबिया में एफएआरसी गुरिल्ला आंदोलन के पूर्व सदस्यों और नेशनल लिबरेशन आर्मी (ईएलएन) के विद्रोहियों के बीच संघर्ष में कम से कम 11 लड़ाके मारे गए हैं। इसकी जानकारी सेना ने दी। इस बीच राष्ट्रपति गुस्तावो



पेट्रो ने सरकार, विद्रोहियों और विपक्ष के बीच लगभग छह दशकों से चले आ रहे संघर्ष को समाप्त करने का संकल्प दोहराया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व अर्धसैनिक बलों द्वारा स्थापित अपराध गिरोहों द्वारा अब तक कम से कम 450,000 लोग मारे गए हैं। राष्ट्रीय सेना ने कहा कि वेनेजुएला की सीमा के पास, अरौका प्रांत में प्यूर्टो रोंडन नगरपालिका में क्षेत्रीय नियंत्रण को लेकर लड़ाई मंगलवार को शुरू हुई थी। मानवाधिकार लोकपाल के कार्यालय के अनुसार, 2022 में अरौका में करीब 352 लोगों की हत्या की जा चुकी है।

# आर-पार जोड़ दो, कश्मीर का द्वार खोल दो, भारत के साथ मिलाए जाने को बेताब हैं पीओके के लोग

**पीओके।** पाकिस्तान भर में आटा और खाद्य संकट की खबरों के बीच पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) गिलगित बाल्टिस्तान एक बार फिर से सुर्खियों में है। पाकिस्तान सरकार की भेदभावपूर्ण नीतियों से वहां के रहवासियों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। पाकिस्तान द्वारा कई दशकों से इस क्षेत्र का शोषण किए जाने के बाद अब के लोग भारत में लद्दाख के साथ इसे मिलाने की मांग करते नजर आ रहे हैं। इंटरनेट पर वायरल हो रहे कई वीडियो निवासियों के बीच असंतोष की हद दिखाते हैं।एक वीडियो में गिलगित-बाल्टिस्तान में एक विशाल रैली दिखाई गई, जिसमें कारगिल सड़क को फिर से खोलने और भारत में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के कारगिल जिले में साथी बाल्टियों के साथ पुनर्मिलन की मांग उठाई



गई। पिछले 12 दिनों से इस क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन चल रहा है। निवासियों द्वारा गेहूं और अन्य खाद्य पदार्थों पर सब्सिडी की बहाली, लोड-शेडिंग, अवैध भूमि पर कब्जा, और क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों के शोषण जैसे विभिन्न मुद्दों को उठाया गया है। पाकिस्तान का सैन्य प्रतिष्ठान गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र की भूमि और संसाधनों पर जबरदस्ती का दावा करता रहता है। पाकिस्तान सेना और सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध भी देखा गया है। जमीन का मुद्दा दशकों से बना हुआ है, लेकिन 2015 से स्थानीय लोग यह तर्क दे रहे हैं कि जमीन जीबी के लोगों की है, क्योंकि यह क्षेत्र पीओके में है। हालांकि, जिला प्रशासन का कहना है कि जमीन पाकिस्तानी राज्य से संबंधित किसी व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं की गई है।

# धरती पर आमने-सामने लेकिन अंतरिक्ष में साथ, इस स्पेशल मिशन के लिए साथ आए रूस और अमेरिका

**वाशिंगटन।** जब पूरी दुनिया रूस और यूक्रेन युद्ध की चपेट में है। यूक्रेन युद्ध की वजह से अमेरिका और रूस के बीच भी ठनी हुई। मास्को ने यूक्रेन पर अपना आक्रमण जारी रखा है और इसके प्रमुख शहरों पर बमबारी की है। अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिम ने रूस पर प्रतिबंध लगाए हैं। लेकिन ऐसे वक्त में एक क्षेत्र ऐसा है जहां दोनो साथ मिलकर काम कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच सहयोग जारी रखने वाला क्षेत्र अंतरिक्ष अन्वेषण है। दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों ने स्पेस स्टेशन पहुंचने वाले अंतरिक्ष यानों में यात्रा के लिए समझौता किया है।सोयुज अंतरिक्ष यान को पिछले साल एक माइक्रोमीटरोराइड हिट के कारण अपूरणीय क्षति के बाद दोनों देश संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से अंतरिक्ष यात्रियों को बचाने के लिए एक मिशन की योजना बना रहे हैं। दो रूसी कॉस्मोनॉट्स और



एक अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री को वाहन पर लौटने के लिए निर्धारित किया गया था, जो अब खाली वापस आएगा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और रूस की एजेंसी रोस्कोस्मोस इस चुनौती से मिलकर लड़ रहे हैं। बीते दिनों यह खबर भी सामने आई थी कि अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने के लिए एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की मदद भी ली जा सकती है। हालांकि अब एक और सोयुज को लॉन्च करने पर फैसला होता हुआ दिख रहा है। ये तीनों अब सोयुज एमएस-23 पर सवार होकर पृथ्वी पर लौटेंगे। इसका मतलब है कि आईएसएस के लिए एक नया स्पेसक्राफ्ट लॉन्च किया जाएगा। रोसकोस्मोस ने बताया है कि सोयुज एमएस-23 स्पेसक्राफ्ट को अनमैंड मोड में 20 फरवरी को लॉन्च किया जाएगा। हालांकि रूसी इंजीनियरों का मानना है कि कैप्सूल पुनः प्रवेश और सुरक्षित रूप से भूमि से बच सकता है, केबिन का तापमान उच्च आर्द्रता के साथ कम 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है क्योंकि यह कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा उत्पन्न गर्मी को बहा नहीं सकता है।

## तुर्की के राष्ट्रपति के खिलाफ प्रदर्शन पर स्वीडिश राजदूत तलब

**अंकारा।** तुर्की के विदेश मंत्रालय ने देश के राष्ट्रपति रेसेप तैईप एर्दोगन के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए स्वीडिश राजदूत स्टाफन हेरस्ट्रॉम को तलब किया । मंत्रालय ने स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सीरिया की कुर्द पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स और प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी के समर्थकों द्वारा आयोजित एर्दोगन विरोधी प्रदर्शनों पर तुर्की की प्रतिक्रिया से अवगत कराया। यह जानकारी अनादोलू एजेंसी ने एक गुमनाम राजनयिक के हवाले से गुरुवार को दी।



तुर्की ने राजदूत से विरोध जताते हुए इस तरह के कृत्यों की अनुमति नहीं देने की मांग की। अंकारा की ओर से कहा गया कि स्वीडन अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करेगा। बताया गया है कि प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने एर्दोगन की तरह की कठपुतली को पैरों से लटका दिया और उसका वीडियो फुटेज सोशल मीडिया में साझा किया था। गौरतलब है कि स्वीडन ने फिनलैंड के साथ मिलकर मई 2022 के मध्य में नाटो में शामिल होने के लिए आवेदन किया। लेकिन नाटो के सदस्य तुर्की ने इसका विरोध किया था।

## ऑटो एक्सपो में आकर्षण का केंद्र बनी है इलेक्ट्रिक बस

**ग्रेटर नोएडा।** ऑटो एक्सपो में द मोटर शो में प्रदर्शित कार, मोटर साइकिल, साइकिल के बाद इलेक्ट्रिक बस आकर्षण का केंद्र बनी है। इसको जेबीएम ने एक्सपो में मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत कोच नाम से मशहूर 45 सीटर इलेक्ट्रिक बस को लांच किया है।

पूरी तरह से ऐप बेस इस बस में यात्रियों की सुरक्षा के लिए खास व्यवस्था है। इसमें सीसीटीवी कैमरे लगे हैं।

ऐप बेस होने के कारण यात्री फोन में यात्री सारी चीजों के बारे में जानकारी कर सकता है। उनके गंतव्य तक पहुंचने में कितना समय बाकी है। कई कस्टमाइजेबल ऑप्शंश और एडेप्टेबल फीचर्स से लैस है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# अमेरिकी राज्य अलबामा में बवंडर का कहर, भारी तबाही और छह की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राज्य अलबामा में बवंडर का कहर टूट पड़ा है। इस कारण पूरे राज्य में भारी तबाही हुई है और छह लोगों की जान चली गयी है। भारी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। अमेरिका के राज्य अलबामा में आए तेज बवंडर ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बवंडर में उड़ रहा सामान जानलेवा साबित हुआ है। इस सामान के नीचे दबकर छह लोगों की जान जा चुकी है। अलबामा प्रशासन ने राज्य में आपातकाल की घोषणा कर दी है। बवंडर से अलबामा के ऑटोगा, चेंबर्स, डलास, एलमोर और तल्लापोसा क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। राज्य का बड़ा हिस्सा अंधेरे में डूब गया है। जॉर्जिया, मिसिसिपी और अलबामा में बिजली व्यवस्था के ध्वस्त होने के चलते लोग बिना लाइट के रहने को मजबूर हैं। बवंडर के चलते हवाई सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। अलबामा के अटलांटा हवाई अड्डे और चार्लोट डगलस अंतरराष्ट्रीय



हवाई अड्डे पर 250 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। साथ ही कई उड़ानों में देरी हुई है। इस बवंडर से सैकड़ों घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मोर्गन काउंटी के शेरिफ कार्यालय ने बयान जारी कर बताया है कि बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है।

# इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में तीन फलस्तीनियों को गोली मारी

**यरुशलम।** इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में छापेमारी के दौरान तीन फलस्तीनियों को गोली मार दी, जिससे उनकी मौत हो गयी। फलस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इजराइल और फलस्तीन के बीच हाल के महीनों में बढ़ती हिंसा में खूनखराबे की यह ताजा घटना है। इजराइली सेना पिछले साल की शुरुआत से ही क्षेत्र में रात को छापे मार रही है। इजराइल का कहना है कि इन छापों का मकसद आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करना तथा भविष्य के हमलों को रोकना है। उसने कहा कि कालांदिया शरणार्थी शिविर में घुसने वाले सैनिकों पर पथराव किया गया।सेना ने कहा कि जवाबी कार्रवाई करते हुए सैनिकों ने छतों से पथराव कर रहे फलस्तीनियों पर गोलियां चलायी। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने मृतक व्यक्ति की पहचान 41 वर्षीय समीर असलान के रूप में की। इजराइली सेना ने उत्तरी



वेस्ट बैंक में भी छापा मारा। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइली सेना ने 25 वर्षीय हबीब कामिल और 18 वर्षीय अब्देल हादी नजर को गोली मार दी। सेना ने बताया कि सुरक्षा बल आतंकवादी हमले करने की योजना बनाने के संदिग्ध फलस्तीनी मोहम्मद अलौना को गिरफ्तार करने कबातिया में घुसे थे। मारे गए लोगों के साथ ही इस साल वेस्ट बैंक में जान गंवाने वाले फलस्तीनियों की संख्या नौ हो गयी है।